www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 6:03 बजे
सूर्यास्त शाम 6:36 बजे

• साल-2 • अंक-6 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 14, सितंबर 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

## ब्रिक्स में मोदी बोले- तकनीक और खनिजों को हथियार बनाना गलत, इससे दुनिया की तरक्की प्रभावित होगी

**▪ प्रधानमंत्री ने कहा- महत्वपूर्ण संसाधनों और तकनीक पर नियंत्रण से साझा विकास में बाधा; लचीली सप्लाई चेन, नवाचार और सहयोग पर दिया जोर**

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के राजनीतिक या रणनीतिक इस्तेमाल को लेकर दुनिया को आगाह किया। उन्होंने कहा कि तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों को हथियार बनाना उचित नहीं है। ऐसा करने से देशों की साझा प्रगति प्रभावित हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा दौर में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति शृंखला में रुकावट और आर्थिक अनिश्चितता का असर आम लोगों के जीवन पर भी पड़ रहा है। ऐसे में ब्रिक्स देशों को मिलकर लचीली आपूर्ति शृंखला तैयार करने और सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए।

भारत मंडपम में आयोजित सत्र में मोदी ने कहा कि तकनीक का लाभ सभी देशों और समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना चाहिए।



उन्होंने नवाचार को केवल कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय व्यापक साझेदारी की जरूरत बताई। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स देशों के बीच स्टार्टअप, अनुसंधान, डिजिटल व्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नई तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

सम्मेलन के दूसरे दिन भारत मंडपम में ब्रिक्स नेताओं का पारंपरिक पारिवारिक फोटो सेशन भी हुआ। इसमें मोदी के साथ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत अन्य सदस्य देशों के नेता शामिल हुए। मोदी फोटो में जिनपिंग और पुतिन के साथ नजर आए। यह तस्वीर ऐसे समय सामने आई है, जब भारत-चीन संबंधों में लंबे समय बाद कुछ सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं। जिनपिंग की भारत यात्रा सात साल बाद हुई है। मोदी और जिनपिंग के बीच अलग से बातचीत भी हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और सीमा पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के मुद्दे प्रमुख रहे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मोदी की अलग बैठक हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर चर्चा की। भारत ने लगातार यह रुख रखा है कि संघर्षों का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। ब्रिक्स सम्मेलन में भी वैश्विक तनाव के बीच संवाद, सहयोग और बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

**▪ नई दिल्ली घोषणापत्र में कई मुद्दे...**

*ब्रिक्स नेताओं ने नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इसमें वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार, विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाने, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और वैश्विक आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया। सम्मेलन में बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की भारत की मांग भी प्रमुखता से सामने आई। मोदी ने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को आज की वास्तविकताओं के अनुरूप अधिक प्रतिनिधित्वकारी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए।*

**▪ वैश्विक दक्षिण पर भारत का जोर...**

*प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स को केवल सरकारों का मंच न मानकर कारोबार, स्टार्टअप, किसानों, युवाओं, महिलाओं, शोधकर्ताओं और श्रमिकों को जोड़ने वाला सहयोग तंत्र बनाने की जरूरत बताई। स्वास्थ्य संकटों से निपटने के लिए चेतावनी व्यवस्था बनाने पर भी सहमति बनी।*

### राजपुरा-तलवंडी साबो की सभी यूनिटें शुरू, केंद्रीय पूल से 1,051 मेगावाट कम बिजली मिल रही: सौंद

# बिजली संकट पर केंद्र और राज्य आमने-सामने, अब नहीं लगेंगे कट

**▪ विपक्ष ने आप सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया, उद्योगों पर बढ़ा कटौती का असर**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में बिजली संकट पर केंद्र और पंजाब आमने सामने आ गए हैं। बढ़ती मांग, निजी ताप बिजलीघरों की कुछ इकाइयों के बंद रहने और बिजली उपलब्धता में कमी के बीच उद्योगों तथा घरेलू उपभोक्ताओं को कटौती का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को राज्य में बिजली की मांग 16,000 मेगावाट से ऊपर बनी रही। अधिकारियों के मुताबिक सितंबर में मांग पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 4,000 मेगावाट अधिक है। गर्मी और बारिश की कमी के कारण कृषि क्षेत्र में ट्यूबवेलों का इस्तेमाल बढ़ने से भी मांग पर दबाव है।

वहीं, ऊर्जा मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने संकट के लिए केंद्र से



मिलने वाली बिजली में कमी और निजी ताप बिजलीघरों को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने को प्रमुख कारण बताया है। उनका कहना है कि पंजाब को केंद्रीय बिजली पूल में अपने हिस्से की तुलना में करीब 1,051 मेगावाट कम बिजली मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब के सरकारी ताप बिजलीघरों में कोयले की कमी नहीं है और पचवाड़ा खदान से पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। निजी राजपुरा और तलवंडी साबो बिजलीघरों में कोयले की समस्या को उन्होंने कोल इंडिया से जुड़ा मामला बताया।

वहीं, पंजाब में राजपुरा थर्मल प्लांट और तलवंडी साबो पावर प्लांट के सभी यूनिट चलने के बाद अब पंजाब में बिजली संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। पावरकॉम के अनुसार, रविवार से कृषि और इंडस्ट्रियल क्षेत्र में लगाए जा रहे बिजली के कट बंद कर दिए गए हैं। दोनों जगह 3300 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया। दरअसल, कोयले की कमी के चलते राजपुरा थर्मल प्लांट की 1 यूनिट, जबकि तलवंडी साबो की 2 यूनिटें बंद हो गई थीं। इसके कारण शाम के समय उद्योगों में अनशेड्यूल कट लगाए जा रहे थे।

**▪ केंद्र का अलग दावा**

*केंद्र सरकार का कहना है कि पंजाब के बिजलीघरों के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध कराया गया है। उसके अनुसार चार सितंबर तक पंजाब राज्य विद्युत निगम के ताप बिजलीघरों में कोयले का भंडार निर्धारित मानक का करीब 117 प्रतिशत था। केंद्र ने यह भी कहा कि अगस्त में इन सरकारी संयंत्रों का संयंत्र भार कारक करीब 42 प्रतिशत रहा, इसलिए उत्पादन में कमी को केवल कोयले की कमी से जोड़ना सही नहीं है। इसी बीच राजपुरा और तलवंडी साबो की एक-एक इकाई तकनीकी कारणों से बंद रही। इससे करीब 1,360 मेगावाट उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई।*

**विपक्ष ने सरकार को घेरा**

*शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आम आदमी पार्टी सरकार पर बिजली संकट से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने लंबे बिजली कटों को सरकार के कुप्रबंधन का परिणाम बताते हुए कहा कि घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा स्थिति ने बिजली व्यवस्था से जुड़े उसके दावों की पोल खोल दी है।*

**उद्योगों पर सबसे ज्यादा असर**

*बिजली कटौती का असर लुधियाना, जालंधर, मंडी गोबिंदगढ़ और मोहाली जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन पर पड़ रहा है। कुछ श्रेणियों के औद्योगिक फीडरों पर कटौती कई घंटों तक पहुंच गई है। पंजाब के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कटौती का असर अब उत्पादन के साथ-साथ कारोबार की लागत पर भी पड़ने लगा है। उद्योग संगठनों के अनुसार कई इकाइयों में मशीनें अचानक बंद होने से उत्पादन चक्र बाधित हो रहा है और तैयार माल की आपूर्ति में देरी हो रही है। कुछ कारोबारियों ने यह भी चिंता जताई है कि लगातार कटौती से निर्यात संबंधी समयसीमा प्रभावित हो सकती है।*

### मंत्रियों के आवासों के बाहर देंगे धरना

## पंजाब में आज से किसान मजदूर मोर्चा का पांच दिन का प्रदर्शन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

किसान मजदूर मोर्चा पंजाब सरकार पर दबाव बनाने के लिए सोमवार से पांच दिन का प्रदर्शन शुरू करेगा। 14 से 18 सितंबर तक चलने वाले इस आंदोलन के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां और आम आदमी पार्टी के सात मंत्रियों के आवासों के बाहर धरना दिया जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा है कि सरकार ने मांगों पर गंभीरता से बातचीत शुरू नहीं की तो 16 सितंबर की बैठक में आंदोलन को और तेज करने का फैसला लिया जाएगा।

प्रदर्शन का तत्काल मुद्दा धान के सीजन में बिजली आपूर्ति और खाद की उपलब्धता बताया गया है। हालांकि, मोर्चे की मांगों का दायरा काफी व्यापक है। किसान बासमती, मक्का, मूंग, सरसों और आलू की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद, किसानों और खेत मजदूरों की संपूर्ण कर्जमाफी तथा कर्ज के कारण आत्महत्या करने वाले किसानों-मजदूरों के परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं। बाढ़, गिरते भूजल और प्रदूषण से निपटने के लिए भी ठोस नीति की मांग की गई है।

**▪ इन इलाकों में रहेगा फोकस**

*धरने हरभजन सिंह ईटीओ के जंडियाला, अमन अरोड़ा के सुनाम, लाल चंद कटारूचक के भोआ, रवजोत सिंह के होशियारपुर, गुरमीत सिंह खुड्डियां के मुक्तसर, मोहिंदर भगत के जालंधर और हरदीप सिंह मुंडियां के लुधियाना स्थित क्षेत्रों में होंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां का फरीदकोट स्थित आवास भी प्रदर्शन का केंद्र रहेगा। जालंधर में गन्ना बकाया भुगतान का मुद्दा भी आंदोलन से जोड़ा गया है।*

**▪ कई नीतियों का विरोध**

*मोर्चा भूमि पूलिंग नीति वापस लेने, भारतमाला परियोजना के लिए जबरन जमीन अधिग्रहण रोकने, पूर्व किसान आंदोलनों के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने और पंजाब में प्रीपेड बिजली मीटर बंद करने की मांग कर रहा है। इसके अलावा केंद्र के बीज कानून, सहकारी कानून, मनरेगा के स्थान पर लागू व्यवस्था और बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की मांग की गई है। मोर्चा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ भी पंजाब सरकार से स्पष्ट रुख अपनाने को कह रहा है।*

## न्यूज ब्रीफ

### मणिमहेश यात्रा में पंजाब के दो श्रद्धालुओं की मौत

चंबा | हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान सड़क हादसे में पंजाब के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसा भरमौर क्षेत्र में हुआ। वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे दो लोगों की जान चली गई। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किया। मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। मणिमहेश यात्रा के दौरान खराब मौसम और पहाड़ी रास्तों के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पहले भी प्रशासन सतर्क रहा है। हाल के दिनों में यात्रा मार्ग पर अन्य श्रद्धालुओं की भी मौत हुई है।

### भारतीय मूल की महिला की गोली मारकर हत्या

कैलिफोर्निया| अमेरिका के कैलिफोर्निया में 38 वर्षीय भारतीय मूल की शालिनी ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय रोहित नामक युवक पिछले कई महीनों से उनका पीछा और कथित तौर पर परेशान कर रहा था। घटना सैक्रामेंटो के एक शॉपिंग सेंटर में हुई। आरोपी ने शालिनी का पीछा करते हुए उन पर गोली चलाई। पुलिस ने आरोपी के वाहन को हाईवे-50 पर रोकने की कोशिश की। पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने खुद को गोली मार ली और उसकी मौत हो गई। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने आरोपी को भारत का नागरिक और अवैध प्रवासी बताया है।

### वरिष्ठ शिअद नेता बाजवा का निधन

होशियारपुर| शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य वरिंदर सिंह बाजवा का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने हृदयाघात के बाद अंतिम सांस ली। बाजवा ने 2004 से 2010 तक राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व किया था। वे लंबे समय तक अकाली दल की राजनीति से जुड़े रहे और पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रहे। बाजवा ने 1980 के दशक में युवा अकाली नेता के रूप में राजनीतिक सफर शुरू किया था। 1995 में वे होशियारपुर के पार्टी अध्यक्ष बने। बाद में 2017 में कुछ समय के लिए कांग्रेस में भी रहे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले अकाली दल में लौट आए।

## जलालाबाद सिटी थाने में कम तीव्रता का धमाका, दो जब्त वाहनों के शीशे टूटे

एजेंसी | जलालाबाद

जलालाबाद शहर के बीचोंबीच स्थित सिटी पुलिस थाने में आधी रात के बाद कम तीव्रता का धमाका होने से इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। धमाके से थाना परिसर में खड़ी दो कारों के शीशे टूट गए। ये वाहन अलग-अलग आपराधिक मामलों में जब्त किए गए थे।

घटना के बाद पुलिस ने थाना परिसर और आसपास के क्षेत्र को घेर लिया तथा प्रवेश पर रोक लगा दी। जांच के लिए बठिंडा से फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से सामग्री के नमूने एकत्र किए। धमाके को लेकर संभावित ग्रेनेड हमले की चर्चाएं भी सामने आईं, लेकिन पुलिस ने अभी ऐसी किसी संभावना की पुष्टि नहीं की है। एसपी (डी) सतिंदर कुमार ने कहा कि जांच पूरी होने और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने से पहले धमाके की प्रकृति को लेकर कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। उन्होंने पुष्टि की कि थाना परिसर में कम तीव्रता का विस्फोट हुआ और वहां खड़े दो वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस यह भी जांच रही है कि धमाका किस सामग्री से हुआ और इसके पीछे किसी व्यक्ति या समूह की भूमिका थी या नहीं। घटना के समय थाने में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के सवाल पर एसपी ने बताया कि बिजली कटौती के विरोध में शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे प्रदर्शनों के कारण अधिकांश पुलिसकर्मी ड्यूटी पर बाहर तैनात थे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अपुष्ट सूचनाओं या अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## पंजाब विश्वविद्यालय ने सिख इतिहास के बदले सिलेबस पर लिया यू-टर्न

**चार पेपर हटाने के फैसले का विरोध, इतिहास विभाग एक सप्ताह में संशोधित सिलेबस वेबसाइट पर डालेगा**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग ने स्नातकोत्तर स्तर पर सिख और पंजाब के इतिहास से जुड़े सिलेबस में किए गए बदलाव वापस लेने का फैसला किया है। विद्यार्थियों और संगठनों की आपत्ति के बाद विभाग ने आश्वासन दिया है कि संशोधित सिलेबस एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विभाग के अध्यक्ष जसबीर



सिंह ने स्पष्ट किया कि सिलेबस में बदलाव का उद्देश्य पाठ्यक्रम में दोहराव कम करना और विद्यार्थियों को अधिक विकल्प देना था। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की राजनीतिक दुर्भावना नहीं थी।

दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एमए इतिहास के सिलेबस में कुछ बदलाव किए गए थे। इनमें सिख इतिहास से जुड़े कई विषयों को अनिवार्य के बजाय वैकल्पिक करने का फैसला भी शामिल था। छात्र संगठन 'सथ' ने इस पर आपत्ति जताते हुए कुलपति को ज्ञापन दिया था। संगठन ने इसे पंजाब और सिख इतिहास के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण विषयों को कमजोर करने वाला कदम बताया था।

**▪ चार पेपरों पर विवाद**

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने भी चार पेपर हटाए जाने का विरोध किया। इन पेपरों में 15वीं से 17वीं सदी, 18वीं, 19वीं और 20वीं सदी के पंजाब के इतिहास का अध्ययन कराया जाता था। चीमा के अनुसार, विश्वविद्यालय के कुलपति और इतिहास विभाग ने उन्हें पुराने सिलेबस को बहाल करने का आश्वासन दिया है।

**▪ एक सप्ताह में स्थिति साफ**

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार बदलाव का उद्देश्य पाठ्यक्रम को अधिक लचीला बनाना था, जबकि विरोध करने वाले पक्षों ने इसे ऐतिहासिक विषयों के महत्व से जोड़कर देखा। अब विभाग पुराने प्रावधानों को बहाल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नया सिलेबस वेबसाइट पर आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि किन विषयों को पहले की तरह अनिवार्य रखा गया है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | शादी के बाद नाम बदलने और वैवाहिक विवाद से बढ़ी परेशानी, दावे-आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी

## एसआईआर: महिलाओं के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की मुश्किल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में शादी के बाद नाम या उपनाम बदलने वाली महिलाओं और वैवाहिक विवाद से गुजर रही महिलाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या उसे बरकरार रखने में परेशानी का सामना करना पड़ा है। शनिवार को दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा समाप्त होने के बाद अब निर्वाचन अधिकारी ऐसे मामलों की जांच और सुनवाई करेंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अंतिम मतदाता सूची 12 अक्टूबर को प्रकाशित की जानी है।



अधिकारियों के अनुसार, कई महिलाओं के दस्तावेजों में शादी से पहले का नाम दर्ज है, जबकि वे विवाह के बाद नया नाम इस्तेमाल कर रही हैं। कुछ मामलों में बूथ स्तर के अधिकारियों को महिला अपने मायके के पते पर नहीं मिली, जबकि ससुराल में भी वह वैवाहिक विवाद के कारण नहीं रह रही थी। इससे दोनों स्थानों की मतदाता सूचियों में नाम की स्थिति प्रभावित हुई। ऐसे मामलों में अब बूथ स्तर के अधिकारियों और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच होगी।

पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसलिए केवल आधार के आधार पर नाम जोड़ने या पुराने रिकॉर्ड से संबंध साबित करने की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी। जिन मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं या पूर्वजों से संबंध दर्ज नहीं मिल रहा है, उन्हें 'मैपिंग नहीं होने' वाले मामलों में दस्तावेज उपलब्ध कराने पड़ सकते हैं।

इसका असर पंजाब में लंबे समय से रह रहे दूसरे राज्यों के प्रवासियों पर भी पड़ा है। उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड से आए कुछ लोगों ने बताया कि उनके पास आधार कार्ड होने के बावजूद उन्हें अन्य दस्तावेज मांगे गए।

अधिकारियों का कहना है कि पात्र मतदाताओं के मामलों की जांच दावे-आपत्तियों के निपटारे के चरण में की जाएगी।

**महिलाओं के मामलों की विशेष जांच**

*शादी के बाद नाम बदलने वाली महिलाओं के मामलों में अब बूथ स्तर के अधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी फील्ड विजिट करेंगे। जहां जरूरत होगी, संबंधित महिला को व्यक्तिगत सुनवाई में बुलाकर पहचान और पुराने रिकॉर्ड से संबंध की पुष्टि की जाएगी। यह प्रक्रिया 8 अक्टूबर तक चलनी है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।*

**अंतिम सूची अक्टूबर में**

*पंजाब में एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 12 सितंबर को समाप्त हुई। अब इनका निपटारा 8 अक्टूबर तक किया जाएगा और इसके बाद 12 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। मतदाताओं के लिए अपने नाम और विवरण की जांच करना तथा जरूरत पड़ने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधार या नाम शामिल कराने का अनुरोध करना महत्वपूर्ण होगा। निर्वाचन आयोग के नागरिक सेवा पोर्टल पर नाम खोजने और निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।*

### ईरानी वाणिज्यिक जहाज पर हमला, एक की मौत

एजेंसी | तेहरान

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के कुम द्वीप के तट से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को रविवार तड़के एक प्रक्षेप्य से निशाना बनाया गया। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। अलग-अलग शुरुआती रिपोर्टों में घायलों की संख्या तीन और चार बताई गई है। ब्रिटेन की समुद्री व्यापार संचालन संस्था ने भी क्षेत्र में एक जहाज पर प्रक्षेप्य से हमला होने की पुष्टि की। उसके अनुसार घटना के बाद जहाज में आग लग गई और चालक दल को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई की गई। हालांकि, हमले के लिए तत्काल किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। कुम द्वीप होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक क्षेत्र में स्थित है। इस जलमार्ग में पिछले कुछ महीनों से जहाजों पर हमलों और सुरक्षा घटनाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय नौवहन प्रभावित हुआ है।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

# पंजाबी गायक गुलाब सिद्धू के घर पर गोलीबारी कर फरार हुए हमलावर सीसीटीवी में हुए कैद

## बरनाला के फरवाही गांव में देर रात वारदात; बाइक सवार तीन नकाबपोशों ने मुख्य गेट को बनाया निशाना

समर न्यूज़। बरनाला



पंजाबी गायक और गीतकार गुलाब सिद्धू के बरनाला जिले के गांव फरवाही स्थित पैतृक घर पर शनिवार देर रात गोलीबारी की घटना सामने आई है। बाइक सवार तीन नकाबपोश युवकों ने घर के मुख्य गेट को निशाना बनाकर कम से कम छह गोलियां चलाईं। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हमलावरों की गतिविधियां घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हमलावर मोटरसाइकिल पर आए थे और उनके चेहरे ढके हुए थे। उन्होंने घर के गेट की ओर कई राउंड फायर किए और इसके बाद मौके से फरार हो गए। अलग-अलग रिपोर्टों में गोलियों की संख्या छह से सात-आठ तक बताई गई है, इसलिए पुलिस की जांच पूरी होने तक निश्चित संख्या छह से अधिक बताना उचित नहीं होगा। घटना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।

**▪ पहले भी मिल चुकी थी धमकी**

गुलाब सिद्धू को इससे पहले भी जान से मारने की धमकियां मिलने की बात सामने आई थी। पिछले वर्ष उन्होंने विदेश में एक कार्यक्रम के दौरान धमकी मिलने का जिक्र किया था। हालांकि उस समय पुलिस ने कहा था कि उसे इस संबंध में औपचारिक शिकायत नहीं मिली थी। इसके बाद जनवरी 2026 में बरनाला पुलिस ने गायक पर हमले की कथित साजिश के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

**▪ पुरानी साजिश की जांच भी अहम** – जनवरी में गिरफ्तार आरोपियों में कोटदुन्ना का सरपंच बलजिंदर सिंह उर्फ किंदा और उसके दो साथी शामिल थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से .32 बोर की पिस्तौल, कारतूस, डमी पिस्तौल और एक कार बरामद हुई थी। जांच में सामने आया था कि वे गुलाब सिद्धू को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। मौजूदा गोलीबारी का उस पुराने मामले से कोई संबंध है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

# अमृतसर में प्रतिबंधित प्रेगाबालिन की बिक्री का मामला, केमिस्ट पर केस

**▪ दुकान से 300 एमजी की कैप्सूल समेत कई दवाएं मिलीं; जिले में 75 एमजी से अधिक प्रेगाबालिन के भंडारण और बिक्री पर रोक**

समर न्यूज़। अमृतसर



अमृतसर में प्रतिबंध के बावजूद अधिक क्षमता वाली प्रेगाबालिन कैप्सूल रखने के आरोप में एक केमिस्ट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नानकसर गेट के पास स्थित दुकान में 11 सितंबर को औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने जांच की थी। इस दौरान प्रेगाबालिन की कई दवाएं मिलीं, जिनमें 300 एमजी की कैप्सूल भी शामिल हैं। पुलिस ने खियाला गांव निवासी और एम/एस ब्रदर मेडिकल स्टोर, खुर्मानिया के मालिक गुरप्रीत सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान पेगाकोब-300, गैबाकोब-300, पेगकोब-150 और पेगकोब-एम जैसी दवाएं मिलीं। विभाग ने बरामद दवाओं को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम के तहत जब्त कर निरीक्षण और जब्ती संबंधी दस्तावेज पुलिस को सौंप दिए हैं। अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि प्रतिबंधित दवाएं दुकान तक कैसे पहुंचीं और क्या इन्हें ग्राहकों को बेचा भी गया था।

**75 एमजी से अधिक पर रोक**

अमृतसर के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने पांच अगस्त को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जिले में 75 एमजी से अधिक क्षमता वाली प्रेगाबालिन कैप्सूल और टैबलेट के भंडारण तथा बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई थी। प्रशासन ने यह कदम दवा के दुरुपयोग और नशीले प्रभाव के लिए इसके इस्तेमाल को रोकने के उद्देश्य से उठाया है। जिले में पहले भी प्रेगाबालिन की अवैध बिक्री के मामलों में मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई हो चुकी है।

# कोटकपूरा में बाईस हजार लीटर असुरक्षित घी मामले में केस दर्ज

## नमूने फेल होने पर स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर दो कंपनियों पर कार्रवाई

**▪ ग्रेटर नोएडा से आई थी खेप**

समर न्यूज़। फरीदकोट



पंजाब के फरीदकोट जिले के कोटकपूरा में पकड़े गए करीब 22 हजार लीटर संदिग्ध देसी घी के मामले में पुलिस ने दो कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग की शिकायत और प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई हुई। जांच में घी के नमूने असुरक्षित पाए गए। खेप ग्रेटर नोएडा से कोटकपूरा की एक फैक्ट्री में पहुंची थी।

पुलिस ने ग्रेटर नोएडा की वर्सटाइल फूड्स एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और कोटकपूरा की नारायण एग्रो फूड्स लिमिटेड को मामले में आरोपी बनाया है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार टैंकर से लिए गए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए थे और रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू हुई। जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा को संदिग्ध खेप की सूचना मिली थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी गई और चंडीगढ़ तथा फरीदकोट की टीम ने टैंकर को कब्जे में लिया। टैंकर में करीब 22 हजार लीटर घी था। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में चालक और परिचालक की भूमिका सामने नहीं आई है। मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर होगी।

# न्यूजीलैंड सिख समुदाय ने नेपाल को 50 हजार डॉलर की मदद दी

**▪ बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए ऑकलैंड में जुटे समुदाय; एसजीपीसी के राहत प्रयासों की भी सराहना**

एजेंसी। ऑकलैंड



नेपाल में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए न्यूजीलैंड के सिख समुदाय ने 50 हजार न्यूजीलैंड डॉलर की सहायता देने की घोषणा की है। ऑकलैंड में आयोजित राहत कार्यक्रम में केंद्रीय सिख संघ की ओर से दलजीत सिंह ने यह योगदान घोषित किया। कार्यक्रम में नेपाली समुदाय, राजनीतिक नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी हिस्सा लिया।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड सरकार नेपाल को राहत के लिए 31 लाख डॉलर की सहायता दे रही है। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से बातचीत का भी उल्लेख किया। दलजीत सिंह ने नेपाल में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के राहत कार्यों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि एसजीपीसी की टीम नेपाल भेजी गई है, जहां जरूरतमंदों के लिए लंगर लगाया जा रहा है। राहत सामग्री से भरे पांच ट्रक भी प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए हैं। इनमें जनरेटर, सौर लाइट, बर्तन और कंबल जैसी जरूरी वस्तुएं शामिल हैं।

कार्यक्रम में न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स, ऑकलैंड की उपमहापौर डेसली सिम्पसन और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नेपाल के बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। आयोजन का उद्देश्य तत्काल राहत के साथ नेपाल में पुनर्वास और आगे की मदद के लिए सामुदायिक सहयोग जुटाना रहा।

# अमृतसर में 3 किलो हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

समर न्यूज़। अमृतसर

अमृतसर देहात पुलिस ने नशे और अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से हेरोइन और हथियार बरामद किए हैं। घरिंडा थाना पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में बताए जा रहे गुरलाल सिंह निवासी भिखीविंड को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3 किलो 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। लोपोके थाना पुलिस ने गांव शाहूरा की ओर लंगर हॉल के पास नाकाबंदी के दौरान हरप्रीत सिंह निवासी हारदो रत्तन, शमशेर सिंह और नरायण सिंह निवासी डंडी को पकड़ा। तलाशी में तीन पिस्टल और तीन मैगजीन बरामद हुईं। रमदास क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल की कार्रवाई के दौरान दो .30 बोर पिस्टल, चार मैगजीन और 11 जिंदा कारतूस मिले। इसके अलावा 510 ग्राम हेरोइन और 2 किलो 372 ग्राम अफीम भी बरामद हुई। मौके से पैकिंग सामग्री, दो डिब्बे और 10 मीटर रस्सी भी मिली है।

# धनौला थाना प्रभारी तीन दिन बाद ही पुलिस लाइन भेजे गए

## बरनाला में सफाई कर्मियों पर किया था लाठचार्ज

समर न्यूज़। धनौला



धनौला थाने के प्रभारी बनाए गए निरीक्षक लखविंदर सिंह को पद संभालने के महज तीन दिन बाद ही वापस बरनाला जिला पुलिस लाइन भेज दिया गया। उनकी जगह उपनिरीक्षक मनजीत सिंह को थाने का कार्यवाहक प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार लखविंदर सिंह के तबादले के पीछे कोई नई लापरवाही सामने नहीं आई है और यह प्रशासनिक आधार पर किया गया है।

लखविंदर सिंह को 25 जुलाई को बरनाला शहर में सफाई कर्मचारियों पर कथित लाठीचार्ज के बाद जिला पुलिस लाइन भेजा गया था। 22 जुलाई की घटना में 18 सफाई कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें 12 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले के बाद सफाई कर्मचारियों ने राज्यव्यापी आंदोलन भी किया था। इसी मामले में तत्कालीन बरनाला डीएसपी सतवीर सिंह को भी निलंबित किया गया था और वह अब तक निलंबित हैं। बाद में सफाई कर्मचारियों की नियमितीकरण समेत मांगें स्वीकार किए जाने के बाद आंदोलन समाप्त हो गया था।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लखविंदर सिंह के खिलाफ किसी नई लापरवाही की जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल मनजीत सिंह को धनौला थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस

# राम वन गमन मार्ग में खामियों पर सीएम योगी ने अधिशासी अभियंता को किया निलंबित

## अधीक्षण अभियंता पर अनुशासनिक कार्रवाई, ठेकेदारी फर्म भी एक माह के लिए निलंबित

एजेंसी। लखनऊ



अयोध्या को चित्रकूट से जोड़ने वाले श्रीराम वन गमन मार्ग में निर्माण संबंधी खामियां मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद प्रयागराज के राष्ट्रीय मार्ग के अधिशासी अभियंता रवींद्र पाल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, अधीक्षण अभियंता ओंकार भारतीय के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-731ए के पैकेज-दो में निरीक्षण के दौरान फ्लाईओवर के एप्रोच और गैप में गड़बड़ी मिली। करीब डेढ़ किलोमीटर हिस्से में सड़क किनारे की पटरी में दरारें पाई गईं। इसके अलावा करीब 500 मीटर हिस्से में किए गए सुरक्षात्मक कार्य को भी क्षतिग्रस्त पाया गया। निरीक्षण टीम ने माना कि परियोजना की निगरानी में अधिकारियों ने अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती। मामले की जांच मुख्य अभियंता वाराणसी वृत्त को सौंपी गई है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिल्ली की ठेकेदार फर्म एसएंडपी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स को एक महीने के लिए निलंबित किया है। इस अवधि में फर्म मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और केंद्र प्रायोजित सड़क परियोजनाओं की निविदाओं में हिस्सा नहीं ले सकेगी। सड़क की मरम्मत ठेकेदार को अपने खर्च पर करनी होगी।



**▪ गुणवत्ता जांच पर जोर**

परियोजना की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी संस्था के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। इससे पहले थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच में सड़क के निर्माण में कमियां सामने आई थीं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि परियोजना में लापरवाही की जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शहरों के मास्टर प्लान में देरी पर सीएम यादव के अधिकारियों को कार्रवाई के सख्त निर्देश

## बोलेः जिन शहरों के प्लान अब तक नहीं आए, विभागीय स्तर पर संज्ञान लेकर आगे बढ़ें

एजेंसी। भोपाल



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के शहरों के मास्टर प्लान को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि भोपाल समेत जिन शहरों के मास्टर प्लान अब तक तैयार होकर सामने नहीं आए हैं, उनके मामलों में विभागीय स्तर पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय शहरों के नियोजित विकास से जुड़ा है और इसमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मास्टर प्लान से जुड़े मामले को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में भी लाया जाए। इसके बाद न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसे संवेदनशील विषय बताते हुए कांग्रेस नेताओं से भी इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करने की अपील की।

डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में भी राज्य में सरकार थी, लेकिन उस समय मास्टर प्लान को लेकर अपेक्षित काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई का श्रेय लेने की कोशिश से वास्तविकता नहीं बदलेगी। जनता पूरे मामले को देख रही है।

**मानव अधिकारों पर जोर**

मुख्यमंत्री मानव अधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी लोगों को समान अधिकार मिलना मानव अधिकारों की मूल भावना है। सरकार महिलाओं के अधिकार और समानता के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। उनके अनुसार लाड़ली बहनों के खातों में अब तक करीब 58 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचाई जा चुकी है।

समारोह में आयोग की स्मारिका, डायरी और न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया।

# सीएम ने सूखे जैसे हालातों से निपटने के लिए दिया राहत का आश्वासन दिया

एजेंसी। पाली

पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में कम बारिश के कारण सूखे जैसे हालात को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें पाली, जालोर, सिरोही,



जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर और नागौर में स्थिति का सर्वे कराकर अकाल घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन पाली जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि बारिश की कमी के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। इससे ग्रामीण परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। ज्ञापन में प्रभावित जिलों को अकालग्रस्त घोषित करने के साथ किसानों और पशुपालकों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने मामले में कार्रवाई कर राहत दिलाने का आश्वासन दिए जाने की बात भी कही गई है।

# एफएफएस ऐप से खाद वितरण फिलहाल रोकने का ओम बिरला ने दिया आश्वासन

## किसानों ने तकनीकी दिक्कत, नेटवर्क और फार्मर आईडी की समस्या उठाई

एजेंसी। कोटा



कोटा-रामगंजमंडी क्षेत्र के किसानों को खाद वितरण में आ रही परेशानियों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एफएफएस ऐप के जरिए खाद वितरण फिलहाल रोकने का आश्वासन दिया है। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर नई डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं बताईं। किसानों ने कहा कि ऐप में तकनीकी दिक्कत, कमजोर नेटवर्क और फार्मर आईडी नहीं बनने के कारण उन्हें खाद लेने में परेशानी हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने बटाई पर खेती करने वाले और मंदिर माफी की जमीन पर खेती करने वाले किसानों को खाद नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया। किसानों के अनुसार नई व्यवस्था में भूमि और फार्मर आईडी से जुड़ी शर्तों के कारण वास्तविक खेती करने वाले कई लोग खाद लेने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। कुछ किसानों को जरूरत के मुकाबले कम खाद मिलने और दूर की दुकानों पर भेजे जाने की शिकायत भी सामने आई है। बिरला ने आश्वासन दिया कि किसान अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी स्थान से खाद खरीद सकेंगे। उन्होंने खाद के साथ जबरन कोई दूसरा सामान देने वाले डीलरों, कंपनियों या थोक विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। ऐसे मामलों में लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी भी दी गई है।

**▪ डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य**

राजस्थान में एफएफएस व्यवस्था का उद्देश्य खाद की बिक्री को पारदर्शी बनाना, कालाबाजारी रोकना और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराना है। अलग-अलग जिलों में डिजिटल टोकन और फार्मर रजिस्ट्री आधारित व्यवस्था लागू की जा रही है। हालांकि, जमीनी स्तर पर नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण कुछ क्षेत्रों में किसानों की परेशानी सामने आई है।

# सिख समाज के राष्ट्र निर्माण और तराई विकास में योगदान को धामी ने सराहा

**▪ पंजाबी गौरव सम्मेलन में बोले सीएमः सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति की परंपरा प्रेरणादायक**

एजेंसी। रुद्रपुर

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में आयोजित पंजाबी



गौरव सम्मेलन में सिख और पंजाबी समाज के राष्ट्र निर्माण तथा तराई क्षेत्र के विकास में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज की संस्कृति, सेवा, साहस, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति देश की महत्वपूर्ण ताकत है। उन्होंने गुरु साहिबान के जीवन से अन्याय के खिलाफ संघर्ष, मानवता की सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख और पंजाबी समाज ने देश की सीमाओं की रक्षा से लेकर कृषि, उद्योग और व्यापार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपदा और संकट के समय समाज की सेवा भावना भी उल्लेखनीय रही है। उन्होंने कहा कि तराई क्षेत्र को उपजाऊ बनाने और इसकी अर्थव्यवस्था मजबूत करने में पंजाबी समाज का बड़ा योगदान रहा है। धामी ने उत्तराखंड और सिख समाज के आध्यात्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक करीब 12.5 किलोमीटर रोपवे परियोजना की दिशा में काम आगे बढ़ा है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से गुरु साहिबान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर मेहनत, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

# पंजाब में लोग आप और कांग्रेस से परेशानः सैनी

समर न्यूज़। सिरसा


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की राजनीति को लेकर कहा है कि अब भाजपा का ध्यान पंजाब पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने दावा किया कि पंजाब के लोग आम



आदमी पार्टी और कांग्रेस की सरकारों से परेशान हैं और राज्य में बदलाव चाहते हैं। सैनी ने कहा कि भाजपा पंजाब को विकास, रोजगार और बेहतर शासन के रास्ते पर ले जाने के लिए काम करेगी। सैनी के अनुसार भाजपा पंजाब में अपना जनाधार लगातार बढ़ा रही है। हा उन्होंने दावा किया कि पार्टी सत्ता में आने पर नशे पर रोक, युवाओं के लिए रोजगार, उद्योगों को बढ़ावा और कारोबारियों का भरोसा बहाल करने पर प्राथमिकता देगी।

# नशे की कमाई समाज को लौटाएगी हिमाचल सरकारः सीएम सुक्खू

समर न्यूज़। शिमला



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त कर समाज के हित में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी से करोड़ों रुपये की संपत्ति बनाने वालों को अपनी आय और संपत्तियों का हिसाब देना होगा। सरकार का लक्ष्य केवल तस्करों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि नशे के पूरे आर्थिक नेटवर्क को खत्म करना है। मुख्यमंत्री ने नूरपुर पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए बताया कि नशा तस्करी से जुड़ी करीब 3.27 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की गई हैं। इनमें मकान, जमीन, होटल, दुकानें, वाहन और बैंक खातों से जुड़ी संपत्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुटाया गया पैसा मेहनतकश लोगों और उन परिवारों से छीना गया है, जिनके बच्चे नशे की गिरफ्त में आए हैं।

सुक्खू ने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को प्रभाव या आर्थिक स्थिति के आधार पर राहत नहीं मिलेगी। पुलिस और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को ऐसे मामलों में कार्रवाई की पूरी छूट दी गई है। सरकार पहले भी नशे से जुड़ी संपत्तियों की पहचान और जब्ती की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दे चुकी है। सरकार जब्त संपत्तियों से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इनके उपयोग को जनकल्याण से जोड़ने पर जोर दे रही है।

# गुलजार सिंह की मौत पर सियासी घमासान, आप ने कांग्रेस पर लगाया राजनीति करने का आरोप

### राजा वड़िंग ने सरकार पर मामले को दबाने का आरोप लगाया; एसआईटी जांच कर रही, पांच लोगों पर केस दर्जः हरभजन सिंह ईटीओ

समर न्यूज़। चंडीगढ़

संगरूर के गुलजार सिंह की मौत को लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच टकराव बढ़ गया है। कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने प्रदेश कांग्रेस और उसके अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर घटना को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और सरकार ने मामले में ठोस कार्रवाई की है। सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया है तथा पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुलजार सिंह ने कथित तौर पर अपने बेटे की नशे की लत और इलाके में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से सवाल किया था। इसके बाद उन पर स्थानीय स्तर पर दबाव बनाए जाने के आरोप सामने आए।

पुलिस के अनुसार मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भी पंजाब सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और मामले की जांच के लिए अपने स्तर पर कार्रवाई शुरू की है।

राजा वड़िंग ने सरकार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने सरकार पर परिवार को सरकारी नौकरी दिए जाने के संबंध में भ्रमित करने का आरोप लगाया।

वड़िंग का दावा है कि परिवार को जिस पत्र के आधार पर नौकरी मिलने की बात बताई गई, वह वास्तविक नियुक्ति आदेश नहीं था। उन्होंने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की गिरफ्तारी और मामले में उनकी भूमिका की जांच की मांग दोहराई। वड़िंग ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह कांग्रेस से ध्यान हटाने के लिए 'सीजेपी' को एक राजनीतिक माध्यम के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उनका कहना है कि सरकार को आरोप-प्रत्यारोप के बजाय गुलजार के परिवार को न्याय दिलाने पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस इससे पहले प्रदर्शन कर वित्त मंत्री के इस्तीफे और मामले में कार्रवाई की मांग कर चुकी है।

#### कांग्रेस का 'मैं भी गुलजार' अभियान

**पटियाला।** संगरूर के दलित दिहाड़ी मजदूर गुलजार सिंह की मौत को लेकर पंजाब में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने परिवार के समर्थन और न्याय की मांग को लेकर 'मैं भी गुलजार' अभियान शुरू किया है। पार्टी नेताओं ने पंजाब के लोगों से सोशल मीडिया पर अभियान की तस्वीर को अपनी प्रोफाइल फोटो लगाने और परिवार की आवाज को मजबूती देने की अपील की है। कांग्रेस नेता विजयइंदर सिंगला ने कहा कि अभियान का उद्देश्य गुलजार के परिवार के साथ खड़ा होना और उनकी न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना है। पार्टी ने सरकार से मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### परिवार ने लगाए नए आरोप

गुलजार के परिवार ने आरोप लगाया है कि अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस और प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त जानकारी दिए बिना जल्दबाजी में दाह संस्कार कराया। परिवार का कहना है कि वे शव को अंतिम दर्शन के लिए घर भी नहीं ले जा सके। परिवार ने मांग की है कि गुलजार ने जिन लोगों के नाम वीडियो में लिए थे, उन सभी को प्राथमिकी में शामिल कर कार्रवाई की जाए। पुलिस का कहना है कि दूसरे वीडियो में सामने आए नामों की जांच की जा रही है। गुलजार सिंह की मौत उस विवाद के बाद हुई थी, जिसमें उन्होंने अपने गांव में कथित तौर पर नशे की उपलब्धता को लेकर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से सवाल किया था। इसके बाद उन पर स्थानीय आम आदमी पार्टी नेताओं की ओर से कथित दबाव और उत्पीड़न का आरोप लगा। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कानून के तहत कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अब सामने आए दूसरे वीडियो में लिए गए नामों की भी जांच कर रही है।

#### सरकार का जवाब

मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि विपक्ष को शोकाकुल परिवार को समय और सम्मान देना चाहिए तथा जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए। सरकार का कहना है कि एसआईटी मामले की व्यापक जांच कर रही है और कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं ने भी विपक्ष पर 'मृत्यु पर राजनीति' करने का आरोप लगाया है।

आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल पर गुलजार की मौत को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि विपक्ष को शोकाकुल परिवार को सम्मान के साथ शोक मनाने देना चाहिए। आप ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का नाम मामले में घसीटे जाने का भी विरोध किया है और कहा है कि विपक्ष इस दुखद घटना से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है।

---

### विपक्ष का काम जनहित के मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगनाः जयराम

# 2027 में भाजपा की वापसी तय

### नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से खास बातचीतः 2027 की तैयारी, ओपीएस, युवाओं और सरकार के कामकाज पर खुलकर बोले



मोहित प्रेम शर्मा, एडिटर
समर न्यूज़ | हिमाचल



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की राजनीति, सरकार की योजनाओं, ओपीएस, बेरोजगारी, पेपर लीक, शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था, आउटसोर्स कर्मचारियों और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर द समर न्यूज के खास कार्यक्रम 'द मोहित डायरीज' में विस्तार से बातचीत की।

उन्होंने मौजूदा कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए, वहीं अपनी सरकार के दौरान शुरू की गई योजनाओं को जनहितकारी बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार है और पार्टी का मुख्य लक्ष्य जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए प्रदेश में सत्ता में वापसी करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम फैसला पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा, जबकि उनकी जिम्मेदारी संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने की है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगी और आने वाले समय में जनता के सामने मौजूदा सरकार के कामकाज का पूरा हिसाब रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों, युवाओं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को भविष्य की राजनीति में प्रमुखता से उठाने की बात कही। उन्होंने प्रदेश के विकास और जनहित को अपनी प्राथमिकता बताया। प्रस्तुत है **बातचीत के प्रमुख अंशः-**

**सवालः** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में क्या अंतर महसूस करते हैं?

**जवाबः** दोनों भूमिकाएं महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए सरकारी कामकाज की जिम्मेदारी और वर्कलोड अधिक होता है, जबकि विपक्ष में रहते हुए सरकार के फैसलों पर नजर रखना और जनहित के मुद्दों को उठाना हमारी जिम्मेदारी है। अगर सरकार का कोई फैसला प्रदेश या जनता के हित में नहीं है तो विपक्ष को आवाज उठानी चाहिए, ताकि जनता की बात सरकार तक पहुंचे।

**सवालः** आपकी सरकार की कौन-सी योजनाओं को आप आज भी महत्वपूर्ण मानते हैं?

**जवाबः** हमारी सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन की आयु सीमा घटाकर 60 वर्ष करने, गरीब परिवारों के इलाज के लिए हिमकेयर, गंभीर बीमारी या असमर्थता की स्थिति में सहारा योजना, महिलाओं के लिए गृहिणी सुविधा योजना, युवाओं के लिए मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए शगुन योजना और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जनमंच जैसी योजनाएं शुरू की थीं। मेरा मानना है कि इन योजनाओं का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि अलग-अलग वर्गों को राहत देना था।

**सवालः** फिर भाजपा सत्ता में क्यों नहीं लौट पाई?

**जवाबः** इसके कई राजनीतिक कारण रहे। कांग्रेस ने चुनाव के दौरान कई गारंटियां दीं और लोग उनके प्रभाव में आए। अब जनता को अपनी पिछली गलती का एहसास हो रहा है। हाल के स्थानीय चुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा को जनता का समर्थन बढ़ा है।

**सवालः** क्या ओपीएस भी भाजपा की हार का एक कारण था?

**जवाबः** ओपीएस निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण मुद्दा था। हिमाचल में कर्मचारियों की संख्या आबादी के अनुपात में काफी अधिक है, इसलिए उनका प्रभाव चुनाव में रहता है। हमने आर्थिक स्थिति को देखते हुए इस विषय पर केंद्र से बातचीत की थी, जबकि कांग्रेस ने ओपीएस को अपनी गारंटी में शामिल किया। उनका दावा है कि आज भी कुछ कर्मचारी ओपीएस को लेकर अपनी मांगों के साथ आंदोलन कर रहे हैं।

**सवालः** सरकार का कहना है कि उसने ओपीएस लागू कर दी है।

**जवाबः** सरकार का कहना है कि ओपीएस लागू की गई है, लेकिन मेरा सवाल यह है कि अगर सभी कर्मचारियों को इसका लाभ मिल गया है तो कुछ कर्मचारी आज भी आंदोलन क्यों कर रहे हैं? सरकार को इसका स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

**सवालः** विधानसभा में विपक्ष के बार-बार वॉकआउट पर सवाल उठते हैं।

**जवाबः** वॉकआउट हमारा निजी विवाद नहीं है। जब हमें लगता है कि हमारे सवालों का सही जवाब नहीं दिया जा रहा या सदन में गलत जानकारी दी जा रही है, तब हम विरोध दर्ज कराते हैं। हमारा कहना है कि सरकार जनहित के मुद्दों पर जिम्मेदारी के साथ जवाब दे।

**सवालः** शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हिमाचल की स्थिति को कैसे देखते हैं?

**जवाबः** उनका आरोप है कि पिछले कार्यकालों में संस्थानों और सुविधाओं का विस्तार हुआ, लेकिन अब उन्हें मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई जगह भवन तो हैं, लेकिन डॉक्टर, कर्मचारी और आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में महंगी तकनीक और रोबोटिक सर्जरी की बात करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि इन सुविधाओं का पूरा उपयोग हो रहा है या नहीं।

**सवालः** पेपर लीक के मामलों पर आपका क्या कहना है?

**जवाबः** उन्होंने अपने कार्यकाल के पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही परीक्षा रद्द की गई, एसआईटी बनाई गई और बाद में मामला सीबीआई को सौंपा गया। साथ ही उन्होंने वर्तमान सरकार के दौरान सामने आए पेपर लीक और कथित परीक्षा अनियमितताओं पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में जांच और कार्रवाई तथ्यों तथा कानून के आधार पर होनी चाहिए।

**सवालः** आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए आपकी नीति क्या होगी?

**जवाबः** उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी करने की नीति कानूनी और न्यायिक पहलुओं से जुड़ी है। उनके अनुसार भाजपा सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों को एजेंसी बदलने की स्थिति में भी काम से न हटाने का प्रयास किया था। सत्ता में आने पर इस वर्ग के लिए रास्ता निकालने का आश्वासन उन्होंने दिया।

**सवालः** 2027 में भाजपा की क्या रणनीति रहेगी?

**जवाबः** उन्होंने कहा कि भाजपा का मुख्य लक्ष्य प्रदेश में सरकार बनाना और जनहित के मुद्दों को जनता के बीच ले जाना है। मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत दावेदारी को लेकर कहा कि पार्टी में मुख्यमंत्री पद का फैसला शीर्ष नेतृत्व करता है।

**सवालः** क्या भाजपा में गुटबाजी चुनाव में नुकसान पहुंचा सकती है?

**जवाबः** उन्होंने गुटबाजी की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य एकजुट होकर चुनाव लड़ना है। उनके अनुसार पार्टी में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो सकती है, लेकिन अंतिम उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और सत्ता में वापसी करना है।

**सवालः** कर्मचारियों के लिए सत्ता में आने पर क्या खास करेंगे?

**जवाबः** उन्होंने कहा कि अभी विस्तृत घोषणाएं करना उचित नहीं होगा। पार्टी में कर्मचारियों और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए चर्चा चल रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनने पर कर्मचारियों के हित में मौजूदा सरकार से बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाएगा।

---

# भाजपा से गठबंधन हुआ तो पंजाब के बड़े मुद्दों के समाधान की कोशिश होगीः भूंदड़

### अकाली नेता ने पार्टी नेताओं से अनुशासन बनाए रखने की अपील की



एजेंसी। अमृतसर

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ ने शनिवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश पर्व के अवसर पर श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका। उन्होंने पंजाब और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए अरदास की और श्रद्धालुओं को प्रकाश पर्व की बधाई दी। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित गठबंधन को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी।

भूंदड़ ने कहा कि यदि दोनों दलों के बीच समझौता होता है तो इसका उद्देश्य पंजाब से जुड़े उन प्रमुख मुद्दों का समाधान तलाशना होगा, जिन्हें अकाली दल लंबे समय से उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कई मुद्दों को लेकर समय-समय पर आंदोलन और प्रदर्शन करती रही है। गठबंधन की स्थिति में आपसी बातचीत और सहमति के जरिए इन मुद्दों को हल कराने का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अकाली दल का मुख्य उद्देश्य पंजाब के हितों से जुड़े मामलों का समाधान करवाना है।

#### ▪ नेताओं को अनुशासन की नसीहत

पार्टी में नेताओं के अलग-अलग सार्वजनिक बयानों को लेकर भूंदड़ ने कहा कि सभी नेताओं को संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता अध्यक्ष के साथ बैठक कर अपने सुझाव दे सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके मुताबिक, अलग-अलग मंचों से विरोधाभासी बयान देने से पार्टी की छवि और स्थिति दोनों कमजोर होती हैं।

#### ▪ एकजुटता जरूरी

भूंदड़ ने कहा कि पार्टी एकजुट होकर काम करेगी तो इससे विरोधी दलों को भी स्पष्ट संदेश जाएगा कि अकाली दल में संगठनात्मक एकता कायम है। उन्होंने कहा कि कोई भी नेता खुद को पार्टी अध्यक्ष से बड़ा दिखाने का प्रयास करेगा तो इससे संगठन को लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष को मिले अधिकारों को सभी नेताओं ने स्वीकार किया है और वह स्वयं भी अध्यक्ष के अधिकारों का सम्मान करते हैं।

#### ▪ गठबंधन पर फैसला बाकी

भाजपा के साथ गठबंधन की चर्चाओं के बीच भूंदड़ का बयान अकाली दल के रुख को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी संभावित समझौते की समयसीमा या सीटों के बंटवारे को लेकर कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने जोर दिया कि पंजाब से जुड़े अहम मुद्दों का समाधान और पार्टी की एकजुटता प्राथमिकता होनी चाहिए।

---

# पूरे पंथ का अकाली दल से भरोसा उठ चुका : वारिस पंजाब दे

**▪ 2027 चुनाव से पहले पंथक वोट को लेकर सियासी टकराव तेज; अकाली दल पर पुराने फैसलों और कार्यशैली को लेकर निशाना**

समर न्यूज़। चंडीगढ़

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पंथक राजनीति में खींचतान तेज हो गई है। अकाली दल वारिस पंजाब दे ने शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उसके कथित गलत फैसलों और कामकाज के कारण पूरे पंथ का पार्टी से भरोसा उठ चुका है। संगठन ने अकाली दल पर अपने लंबे राजनीतिक दौर में कई गलतियां और 'पाप' करने का आरोप लगाया। यह बयान ऐसे समय आया है, जब विभिन्न अकाली धड़ों के बीच पंथक वोट पर पकड़ मजबूत करने की होड़ बढ़ रही है।

संगठन का कहना है कि पंजाब में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद अकाली दल जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। हालांकि अकाली दल इन आरोपों को खारिज करता रहा है और वारिस पंजाब दे पर उसके पारंपरिक पंथक वोट को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाता है।

#### ▪ पंथक वोट पर बढ़ी जंग

बाबा बकाला के रक्खड़ पुण्या सम्मेलन के बाद दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक बयानबाजी और तेज हुई है। वारिस पंजाब दे ने नशे के मुद्दे पर दस्तावेज जारी करने और पंजाब में नशे की समस्या पर श्वेत पत्र लाने की बात कही थी। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने हाल के दिनों में वारिस पंजाब दे और उसके प्रमुख अमृतपाल सिंह पर लगातार निशाना साधा है।

वारिस पंजाब दे ने 2027 के चुनाव को लेकर अपना संगठन और उम्मीदवारों का आधार बढ़ाना शुरू कर दिया है। संगठन ने हाल में लखा सिधाना को मौर और दीप सिद्धू के भाई मनदीप सिंह सिद्धू को तलवंडी साबो से उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले भी कई सीटों पर नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि संगठन को अभी निर्वाचन आयोग से औपचारिक पंजीकरण और चुनाव चिह्न मिलना बाकी है।

---

# पंजाब भाजपा महिला मोर्चा की नई टीम घोषित, राशि और डॉ. कनिका बनीं प्रदेश उपाध्यक्ष

### 31 सदस्यीय टीम में कई जिलों को प्रतिनिधित्व; जालंधर की शैल्ली खन्ना को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी

समर न्यूज़। चंडीगढ़



पंजाब भाजपा महिला मोर्चा की नई प्रदेश टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष जयइंदर कौर ने 31 सदस्यीय टीम में विभिन्न जिलों की महिला नेताओं को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी हैं। लुधियाना की राशि अग्रवाल और डॉ. कनिका जिंदल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि शीनू चुग को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। अमृतसर की जीत कौर संधू, मोहाली की आभा बंसल, फिरोजपुर की शशि बाला, फाजिल्का की मोना कटारिया, अटारी की बलविंदर कौर और पटियाला की गगन शेर गिल को भी प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

नई टीम में तीन प्रदेश महासचिव, पांच सचिव के अलावा कार्यालय सचिव, सोशल मीडिया संयोजक और सह-संयोजक, कोषाध्यक्ष, मुख्य प्रवक्ता, प्रवक्ता, सूचना प्रौद्योगिकी संयोजक और सह-संयोजक तथा विधि प्रकोष्ठ संयोजक जैसे पद शामिल हैं। पटियाला की गीता सेतिया, फिरोजपुर की राजविंदर कौर, श्री चमकौर साहिब की मेजर अंजू बाला सिंह, मलेरकोटला की भावना महाजन और बठिंडा की ममता जैन को सचिव बनाया गया है। फगवाड़ा की निक्की शर्मा, अमृतसर की सतिंदर मनचंदा और खन्ना की मिनी को भी सचिव की जिम्मेदारी मिली है।

#### शैल्ली खन्ना मुख्य प्रवक्ता

जालंधर की शैल्ली खन्ना को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। पटियाला की रमा पुरी, सीमा शर्मा और फगवाड़ा की जसविंदर कौर को प्रवक्ता बनाया गया है। मोहाली की मिली गर्ग को कार्यालय सचिव, होशियारपुर की हेमलता विग को सोशल मीडिया संयोजक और बठिंडा की वीना गर्ग को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। मानसा की मंजू मित्तल कोषाध्यक्ष बनाई गई हैं।

#### आईटी और विधि प्रकोष्ठ की भी दी जिम्मेदारी

बठिंडा की वीनू गोयल को सूचना प्रौद्योगिकी संयोजक और सोनिया नय्यर को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। पटियाला की अधिवक्ता निशा ऋषि को विधि प्रकोष्ठ संयोजक बनाया गया है। नई टीम में क्षेत्रीय संतुलन के साथ संगठन के प्रचार, सोशल मीडिया और कानूनी कामकाज के लिए भी अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

#### रवनीत बिट्टू ने दी बधाई

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने नई टीम के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में उम्मीद जताई कि नई टीम पंजाब में भाजपा के संगठन को और मजबूत करने के लिए काम करेगी। उन्होंने सदस्यों से मजबूत और खुशहाल पंजाब के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



---

# देश में प्रति परिवार सबसे ज्यादा खर्च करता है चंडीगढ़

**▪ अध्ययन में औसत सालाना घरेलू खर्च करीब 19 लाख रुपये; बेंगलुरु आय में आगे, चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर**

समर न्यूज़। चंडीगढ़

चंडीगढ़ देश के 100 प्रमुख शहरों में औसत घरेलू खर्च के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गया है। पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी (प्राइस) और टाटा संस के अध्ययन के अनुसार, शहर में एक औसत परिवार सालाना करीब 19 लाख रुपये खर्च करता है।

यह आंकड़ा देश के बड़े महानगरों समेत अन्य प्रमुख शहरों से अधिक है। अध्ययन में आय और खर्च के बीच दिलचस्प अंतर भी सामने आया है। चंडीगढ़ की औसत सालाना घरेलू आय करीब 26 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि बेंगलुरु इस मामले में करीब 28 लाख रुपये की औसत आय के साथ पहले स्थान पर है।

अध्ययन के मुताबिक देश के सबसे ज्यादा खर्च करने वाले शहरों में केवल बड़े महानगर ही शामिल नहीं हैं। चंडीगढ़ के अलावा तिरुवनंतपुरम और वडोदरा जैसे शहर भी घरेलू खपत के मामले में शीर्ष पर हैं। इससे संकेत मिलता है कि उपभोक्ता बाजार का विस्तार केवल आबादी या महानगरों तक सीमित नहीं है।

अपेक्षाकृत छोटे लेकिन उच्च आय वाले शहरों में भी परिवारों की खरीदारी और सेवाओं पर खर्च करने की क्षमता काफी बढ़ी है।

#### बेंगलुरु आय में आगे

औसत घरेलू आय के मामले में बेंगलुरु करीब 28.3 लाख रुपये सालाना के साथ शीर्ष पर है। चंडीगढ़ करीब 28 लाख रुपये के आसपास की आय के साथ उसके ठीक पीछे है। वडोदरा करीब 26 लाख रुपये की औसत घरेलू आय के साथ शीर्ष शहरों में शामिल है, जबकि मुंबई की औसत घरेलू आय करीब 24.2 लाख रुपये बताई गई है। इससे चंडीगढ़ की आर्थिक स्थिति और वहां की उपभोक्ता क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### उपभोक्ता बाजार में बढ़ा महत्व

अध्ययन के आंकड़े बताते हैं कि चंडीगढ़ की मजबूत आय के साथ परिवारों का खर्च भी काफी अधिक है। इससे शहर खुदरा कारोबार, आवास, वाहन, मनोरंजन, शिक्षा और अन्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपभोक्ता बाजार बनकर उभरता है। वहीं, देश के बड़े बाजारों में दिल्ली-एनसीआर का कुल उपभोग अभी भी आबादी और परिवारों की संख्या के कारण बहुत बड़ा है।

समर एक्सप्रेस


# सिरसा में सीएम नायब सैनी का बड़ा एक्शन वीटा प्लांट के सीईओ को किया निलंबित

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 16 में से 13 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा

समर न्यूज | सिरसा



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को सिरसा पहुंचे, जहां उन्होंने जिला जनसंपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री का प्रशासनिक ढिलाई और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के प्रति बेहद सख्त रुख देखने को मिला। सीएम सैनी ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं और प्रशासनिक विभागों की शिकायतों को एक-एक कर सुना। इस दौरान टेबल पर आई कुल 16 शिकायतों में से 13 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे कई समय से दफ्तरों के चक्कर काट रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। बैठक में करीवाला गांव के निवासी भूपेंद्र सिंह की शिकायत पर सबसे बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि अगस्त 2025 में वीटा प्लांट द्वारा करीवाला बीएमसी से दूध लिया गया था, जिसे बाद में प्लांट कर्मचारियों ने कास्टिक की मात्रा अधिक बताकर रिजेक्ट कर दिया। आरोप है कि तत्कालीन सीईओ भागीरथ ने दूध पास करने के लिए समझौते का दबाव बनाया और बात न बनने पर न तो दूध पास किया और न ही वापस लौटाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से ही तत्कालीन सीईओ भागीरथ को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए।

### फ्लैट का कब्जा न मिलने पर ब्याज सहित पैसा वापस लौटाने के दिये निर्देश

इसी तरह छतरगढ़ पट्टी स्थित आनंद विहार के निवासी विजय कुमार ने सेक्टर-21 में अलॉट हुए फ्लैट नंबर 387 का कब्जा न मिलने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि सभी औपचारिकताएं और जरूरी रकम जमा करने के बावजूद उन्हें न तो पजेशन मिला और न ही फ्लैट में सीवेज, बिजली या पानी की बुनियादी सुविधाएं दी गईं। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की इच्छानुसार उसकी पूरी रकम ब्याज समेत लौटाई जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि रिफंड के जितने भी मामले लंबित हैं, उनका समाधान एक महीने के भीतर किया जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अफसरों की पहचान कर कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक के दौरान किसानों की ओर से सिरसा जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग भी प्रमुखता से उठी। इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हालांकि इलाके में इस सीजन बारिश कम दर्ज की गई है, लेकिन नहरी पानी की उपलब्धता ठीक होने के कारण फिलहाल फसलों की स्थिति बेहतर बनी हुई है। इसके बावजूद उन्होंने किसान हित में आश्वस्त किया कि सरकार पूरे क्षेत्र की वैज्ञानिक जांच और सर्वे करवाएगी। यदि जांच रिपोर्ट में फसलों या किसानों को नुकसान सामने आता है, तो प्रदेश सरकार नियमानुसार हर संभव आवश्यक आर्थिक व राहत मदद प्रदान करेगी।

# धान खरीद से पहले सरकार और राइस मिलर्स आमने-सामने, किसानों की बढ़ी चिंता

परवेज़ खान | यमुनानगर
समर न्यूज़



हरियाणा में धान की फसल पककर तैयार है और कई इलाकों में कटाई का काम भी शुरू हो चुका है। ऐसे में किसान मंडियों में फसल लेकर पहुंचने की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन धान खरीद शुरू होने से पहले ही एक बार फिर पेंच फंसता नजर आ रहा है। सरकार की ओर से जहां अभी तक धान खरीद की तारीख का औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, वहीं हरियाणा राइस मिलर एसोसिएशन और सरकार के बीच भी सहमति नहीं बन पाई है। यमुनानगर में हुई राइस मिलर्स की बैठक में एसोसिएशन ने साफ कर दिया कि जब तक पुराने भुगतान और नई नीति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक सरकार के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।

खेतों में धान की फसल तैयार खड़ी है। कई जिलों में किसान कटाई शुरू कर चुके हैं और अब मंडियों में फसल की आवक बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन खरीद सीजन शुरू होने से पहले सरकार और राइस मिलर्स के बीच चल रहा विवाद किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। यमुनानगर में हरियाणा राइस मिलर एसोसिएशन की विशेष बैठक हुई। बैठक में मिलर्स ने सरकार के सामने पुराने बकाया भुगतान और नई मिलिंग नीति से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। राइस मिलर्स का कहना है कि पिछले दो से तीन वर्षों का भुगतान अभी भी लंबित है और इस मुद्दे को कई बार सरकार और अधिकारियों के सामने उठाया जा चुका है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक पुराने भुगतान का समाधान नहीं होता और नई नीति को लेकर स्पष्टता नहीं आती, तब तक आगे की प्रक्रिया पर सहमति बनाना मुश्किल है। राइस मिलर्स के इस रुख का सीधा असर धान खरीद व्यवस्था पर पड़ सकता है।

उधर, किसान संगठनों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि मंडियों में समय पर खरीद नहीं हुई तो किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब सबकी नजर सरकार और राइस मिलर्स के बीच होने वाली अगली बातचीत पर टिकी है। किसानों की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द मिलर्स की मांगों का समाधान करे और धान खरीद की तारीख घोषित करे। क्योंकि मंडियों में धान की आवक बढ़ने से पहले अगर सरकार और राइस मिलर्स के बीच सहमति नहीं बनी, तो खरीद व्यवस्था पर असर पड़ सकता है।

# फरीदाबाद में दो जगह लगी आग दमकल विभाग ने पाया काबू

- **रबड़ फैक्ट्री में दो वाहन जले, सोसाइटी के फ्लैट में भी भड़की आग**

अनिल मंगला | फरीदाबाद
समर न्यूज़

फरीदाबाद में रविवार को आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया। पहली घटना डबुआ-पाली रोड स्थित 17 नंबर चुंगी के पास आरएन पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में हुई, जहां सुबह अचानक भीषण आग भड़क उठी। फैक्ट्री में रबड़ से संबंधित काम किया जाता है। आग लगने के समय परिसर में कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। फैक्ट्री में रबड़ और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई। दमकल कर्मियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच अभी जारी है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। डबुआ थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि आग की चपेट में आने से फैक्ट्री परिसर में खड़ी दो गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। इनमें एक किआ और दूसरी स्कॉर्पियो शामिल है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी कर्मचारी के घायल होने या जान गंवाने की सूचना नहीं है।

- **आनंद विला सोसाइटी में देर रात फ्लैट में लगी आग**

फरीदाबाद के सेक्टर-81 स्थित आनंद विला सोसाइटी में भी देर रात आग लगने की घटना सामने आई। टावर नंबर-4 के फ्लैट नंबर 2ए में अचानक आग भड़कने से घर के भीतर रखा सामान जलकर राख हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बीपीटीपी थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में फ्लैट की बालकनी में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट को आग की संभावित वजह माना जा रहा है। आग बालकनी से होते हुए फ्लैट के अंदर तक पहुंच गई।हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य जाग रहे थे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर अंबाला में नमो क्रिकेट लीग की तैयारियां तेज, 72 टीमें करेंगी शिरकत

समर न्यूज़ | अंबाला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हरियाणा में नमो क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। अंबाला में इस क्रिकेट लीग को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से इस लीग का आयोजन किया जा रहा है। अंबाला जिले में लीग के तहत 72 टीमें मैदान में उतरेंगी, जबकि विजेता टीमों के लिए लाखों रुपये के इनाम भी रखे गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हरियाणा में नमो क्रिकेट लीग की शुरुआत होने जा रही है।अंबाला जिले में इस लीग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी की देखरेख में अंबाला जिले से कुल 72 टीमों का गठन किया गया है।इन टीमों में अंबाला छावनी, अंबाला शहर, नारायणगढ़, मुलाना और बराड़ा क्षेत्र के युवा खिलाड़ी शामिल होंगे। खास बात यह है कि अंबाला पुलिस की भी एक टीम लीग में हिस्सा लेगी, जिसकी कप्तानी अंबाला के पुलिस अधीक्षक स्वयं करेंगे।

20 सितंबर से अंबाला शहर के पुलिस ग्राउंड में पांच-पांच ओवर के नॉकआउट मुकाबले शुरू होंगे। लीग के तहत दिन और रात, दोनों समय मैच आयोजित किए जाएंगे। अंबाला से चयनित 32 टीमें अगले चरण में पंचकूला में मुकाबले खेलेंगी. आयोजकों के मुताबिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को 21 लाख रुपये, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के लिए भी आकर्षक इनाम रखा गया है।

इस लीग का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों की ओर आकर्षित करना है। आयोजकों का कहना है कि खेल गतिविधियों के जरिए युवाओं की मानसिक और शारीरिक सेहत को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।आयोजक अनुभव अग्रवाल के अनुसार उत्तरी भारत से करीब 3000 टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी। विजेता खिलाड़ियों और टीमों को नकद पुरस्कार के साथ लैपटॉप और अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# सड़क हादसा में एक युवक की मौत

रमेश कुमार | सोनीपत
समर न्यूज़

मुरथल रोड पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर सोनीपत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में गांव सांदल निवासी सुमित की जान चली गई। वहीं, उसके साथी प्रिंस और साहिल घायल हो गए। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीनों युवक ब्लिंकिट कंपनी में काम करते थे और बाइक पर सवार होकर सोनीपत की तरफ जा रहे थे। मुरथल रोड पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को जानकारी दी।मौके पर पहुंची सेक्टर-27 थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

# खेत में 15 फीट का विशाल अजगर मिलने से मचा हड़कंप

## बंदर को निगलने के बाद पड़ा था सुस्त

परवेज़ खान | यमुनानगर
समर न्यूज़

यमुनानगर जिले के टोडरपुर गांव में उस समय ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया, जब खेतों में करीब 15 फीट लंबा विशाल अजगर दिखाई दिया। अजगर ने एक बंदर को अपना शिकार बनाया था और उसे पूरी तरह निगलने के बाद खेत में ही पड़ा हुआ था। विशालकाय सांप को देखकर किसानों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ किसान खेतों की ओर हरा चारा लेने के लिए गए थे। इसी दौरान उनकी नजर खेत में पड़े एक बड़े अजगर पर पड़ी। पहले तो किसानों ने दूर से ही उसे देखा, लेकिन जब उन्होंने सावधानी से पास जाकर स्थिति को समझने की कोशिश की तो पता चला कि अजगर ने एक बंदर को निगल लिया है। शिकार को निगलने के बाद अजगर काफी सुस्त नजर आ रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत वन्य जीव विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मोहित के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। विशाल अजगर को काबू में करना टीम के लिए आसान नहीं था। काफी मशक्कत और पूरी सावधानी के बाद वन्य जीव विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई देखते नजर आए। अजगर को पकड़ने के बाद टीम उसे आबादी वाले इलाके से दूर ले गई और जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

अजगर के रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन्य जीव विभाग ने लोगों से अपील की है कि खेतों या रिहायशी इलाकों के आसपास कोई जंगली जीव दिखाई देने पर उससे दूरी बनाए रखें और उसे खुद पकड़ने या परेशान करने की कोशिश न करें। ऐसे मामलों में तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

# पलवल में महाकाल की रसोई के 5 वर्ष पूरे, जरूरतमंदों के लिए हुआ विशाल भंडारा



सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

पलवल में जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को महज 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने वाली महाकाल की रसोई ने अपने पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर रसोई संचालकों की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

महाकाल की रसोई पिछले पांच वर्षों से पलवल शहर में जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ भोजन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। रसोई में प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद लोग मात्र 10 रुपये में भरपेट भोजन करते हैं।

रसोई संचालकों के अनुसार, शुरुआत में जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन कराने की योजना थी। लेकिन साधु-संत समाज के मार्गदर्शन के बाद भोजन की कीमत 10 रुपये निर्धारित की गई।

उनका कहना है कि इसका उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्ति को यह एहसास कराना है कि वह किसी पर एहसान नहीं ले रहा, बल्कि अपने हक और सम्मान के साथ भोजन कर रहा है। संचालकों ने बताया कि पांच वर्ष पूरे होने के बाद अब महाकाल की रसोई में जरूरतमंदों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने की तैयारी है। भोजन करने वाले लोगों को बेहतर माहौल देने के लिए एसी हॉल समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।

# अंबाला में बारिश से सड़कें हुईं जलमग्न वाहन बंद होने से लोगों की बढ़ी परेशानी

समर न्यूज़ | अंबाला



अंबाला शहर में बारिश ने एक बार फिर नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। थोड़ी देर की बारिश के बाद ही शहर के कई प्रमुख इलाकों में पानी भर गया। हालात ऐसे हो गए कि सड़कें और गलियां तालाब जैसी नजर आने लगीं। जलभराव के कारण आम लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद अंबाला की सड़कों पर कई जगह घुटनों से लेकर काफी ऊंचाई तक पानी जमा हो गया। पानी इतना ज्यादा था कि दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो गया। कई बाइक और कारें पानी में फंसने के बाद बंद हो गईं। इसके बाद वाहन चालकों को खुद ही अपने वाहनों को धक्का लगाकर पानी से बाहर निकालना पड़ा। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बारिश के बाद सड़कों पर किस तरह पानी जमा है। जलभराव के चलते सड़क पर यातायात की रफ्तार भी प्रभावित हुई।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अंबाला में बारिश के दौरान जलभराव कोई नई समस्या नहीं है। हल्की बारिश में ही कई इलाकों की सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। लोगों का कहना है कि नालियों और ड्रेनेज सिस्टम की समय पर सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी तेजी से नहीं निकल पाता।अब लोगों ने नगर निगम से जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव वाले इलाकों की स्थायी समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि हर बारिश के बाद शहरवासियों को इसी परेशानी से न जूझना पड़े।

# शराब की लत और मारपीट से तंग आकर पत्नी बनी कातिल, आरोपी महिला बिमला पहुंची जेल

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र को दहला देने वाले सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पिहोवा रोड स्थित किराए के मकान में अपने ही पति की निर्मम हत्या कर उसके शरीर के अंग निकालने वाली आरोपी बिमला देवी की कस्टडी पूरी होने के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंधु ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक की पहचान राजेश निवासी धासपुर (जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी बिमला ने बताया कि उसका पति शराब पीने का बेहद आदी था और आए दिन उसके साथ बेरहमी से मारपीट करता था। बिमला उसके इस व्यवहार और शराब छुड़वाने के लिए तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक करने वालों के चक्कर काटती रही, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। पति की रोज-रोज की प्रताड़ना और "तुझे छोड़कर दूसरी शादी कर लूंगा" जैसी धमकियों से तंग आकर उसने राजेश को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रच डाली।




- **सो रहे पति पर 3 चाकुओं से किए ताबड़तोड़ वार**

वारदात वाले दिन जब राजेश काम से लौटकर थक-हारकर सो रहा था, तभी बिमला ने रसोई में रखे तीन अलग-अलग चाकुओं से उस पर हमला बोल दिया। उसने सो रहे पति का पेट चीरकर उसकी जीवनलीला समाप्त कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला खून से लथपथ चाकुओं को मौके पर ही छोड़कर करीब तीन से चार घंटे तक शव के पास ही बैठी रही।

- **मकान मालिक ने देखा भयावह दृश्य, छत से कूदी महिला**

जांच में सामने आया कि मृतक राजेश कुरुक्षेत्र के एक आरओ प्लांट में नौकरी करता था। पहली दो पत्नियों से तलाक के बाद उसने बिमला से प्रेम विवाह किया था। 21 अगस्त की शाम करीब 4 से 5 बजे जब मकान मालिक रिंकू किसी काम से कमरे पर पहुंचा, तो अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। बिमला शव के पेट से आंतें बाहर निकाल रही थी। मकान मालिक को देखते ही पकड़े जाने के डर से उसने तुरंत छत से छलांग लगा दी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

# करनाल में डिलीवरी के बाद महिला की मौत परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया आरोप

समर न्यूज़ | हिसार



करनाल के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाने का आरोप लगाया है। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मॉर्च्युरी हाउस भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय मनिका के रूप में हुई है।

मृतका ससुर गोविंद सिंह ने बताया कि मनिका गर्भवती थी और डिलीवरी का समय आने पर 12 सितंबर को सुबह कुंजपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से उसे करनाल के सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोविंद सिंह के अनुसार, करनाल अस्पताल में मनिका ने ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। रात करीब 3 बजे उसे ब्लड चढ़ाया गया। गोविंद सिंह का आरोप है कि खून चढ़ने के बाद वह बेचैन होकर तड़पने लगी। परिजनों ने नर्स से डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा, लेकिन उनके अनुसार डॉक्टर करीब साढ़े 5 बजे पहुंचा। तब तक मनिका की मौत हो चुकी थी।

**सौगात** दमकल कर्मचारियों को 5000 रुपये रिस्क अलाउंस और शहादत पर 50 लाख रुपये की मंजूरी

# हरियाणा सरकार का फायर फाइटर्स को बड़ा तोहफा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पड़ी मांगों और आंदोलन पर हरियाणा सरकार ने बेहद सकारात्मक रुख अपनाया है। प्रदेश के फायर फाइटर्स के हक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से कई बड़े और राहतकारी फैसले लिए गए हैं।

जान जोखिम में डालकर आग की लपटों से जूझने वाले इन कर्मचारियों के लिए 5,000 मासिक जोखिम भत्ता तय किया गया है। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान किसी हादसे में कर्मचारी की दुखद मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने से जुड़ी नीति के ड्राफ्ट को भी सरकार ने मंजूरी दे दी है।

इसके साथ ही दिवंगत अग्निशमन कर्मचारी रणबीर के परिवार को आर्थिक संबल देते हुए बकाया 20 लाख की राशि जल्द से जल्द जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों से अनुकंपा आधार पर नौकरी के आवेदन मिलने पर नियमानुसार तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**60 दिनों के भीतर निकलेगी फायर ऑपरेटर और ड्राइवर की नई भर्ती**

अग्निशमन सेवाओं में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए नई भर्तियों की समयसीमा भी तय कर दी गई है। फायर ऑपरेटर-कम-ड्राइवर के पदों पर नई भर्ती के लिए योग्यता और मापदंड अगले 45 दिनों के भीतर तैयार कर लिए जाएंगे, जिसके 15 दिनों के बाद (कुल 60 दिन) भर्ती का आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा।

**वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी, कर्मचारियों में खुशी की लहर**

कर्मचारियों की रोजमर्रा की सहूलियतों का ध्यान रखते हुए सरकार ने उनके सालाना यूनिफॉर्म अलाउंस में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी की है। अब अग्निशमन कर्मियों को हर साल 7,500 वर्दी भत्ता दिया जाएगा। सरकार के इन संवेदनशील और दूरगामी फैसलों से सालों से संघर्ष कर रहे हजारों फायर कर्मचारियों और उनके परिवारों को सीधी राहत मिली है, जिससे कर्मचारी संगठनों ने भी राहत की सांस ली है।

# नेपाल की तबाही के बीच अंबाला के डॉक्टर बने सहारा

समर न्यूज़ | अंबाला

नेपाल में आई भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। इस मुश्किल घड़ी में अंबाला के डॉक्टरों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए नेपाल पहुंचकर प्रभावित लोगों का इलाज किया। फिलाडेल्फिया अस्पताल की पांच सदस्यीय मेडिकल टीम ने नेपाल के अलग-अलग बाढ़ प्रभावित इलाकों में तीन दिनों तक मेडिकल कैंप लगाए और करीब ढाई से तीन हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। डॉक्टरों ने जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई सड़कें टूट चुकी थीं और प्रभावित इलाकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल था। इसके बावजूद अंबाला से गई मेडिकल टीम बड़ी मात्रा में दवाइयां लेकर सड़क मार्ग से नेपाल पहुंची। डॉक्टरों ने खुद वाहन चलाकर दुर्गम इलाकों तक पहुंच बनाई और वहां मेडिकल कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया। त्रिशूली बाजार, रसुवा समेत कई प्रभावित क्षेत्रों में लगाए गए कैंपों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। बाढ़ के बाद लोगों में बुखार, उल्टी, चोट और संक्रमण जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आईं।

डॉक्टरों का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल मरीजों का इलाज करना नहीं था, बल्कि आपदा की इस घड़ी में नेपाल के लोगों को यह भरोसा दिलाना भी था कि वे अकेले नहीं हैं।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, लंबी कतारों और जयकारों से गूंज उठा परिसर

## रात में पंजाबी भजन गायक मनी लाडला के जगराते के बाद बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



पावन शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में रविवार को श्रद्धा और आस्था का सैलाब देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भीड़ इतनी अधिक रही कि डबल लाइन मुख्य मार्ग से होते हुए शेरे पंजाब होटल तक पहुंच गई। पिछले रविवार की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई। माता रानी के जयकारों से पूरा चिंतपूर्णी क्षेत्र भक्तिमय नजर आया।

**▪ जगराते में रातभर झूमे श्रद्धालु**

रविवार को बढ़ी भीड़ का प्रमुख कारण शनिवार रात चिंतपूर्णी में आयोजित भव्य जगराता माना जा रहा है। जगराते में प्रसिद्ध पंजाबी भजन गायक मनी लाडला ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जगराता समाप्त होने के बाद सुबह होते ही लोगों ने माता के दरबार की ओर रुख किया, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अचानक भीड़ बढ़ गई।

**▪ दो से तीन घंटे में हुए दर्शन**

श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के चलते आम भक्तों को माता की पिंडी के दर्शन करने के लिए दो से तीन घंटे तक कतार में इंतजार करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर न्यास की ओर से अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए गए थे कि किसी भी व्यक्ति को चोर रास्तों के जरिए लाइन में प्रवेश न करने दिया जाए। इसके बावजूद लंबी कतारों के कारण श्रद्धालुओं को काफी समय तक इंतजार करना पड़ा।

**प्रसाद योजना से बदलेगी मंदिर की तस्वीर: मंदिर अधिकारी**

मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण और सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को बेहतर और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मंदिर प्रशासन का दावा है कि विकास कार्य पूरे होने के बाद बढ़ती श्रद्धालु संख्या को संभालने और उन्हें बेहतर दर्शन सुविधा उपलब्ध करवाने में काफी मदद मिलेगी।

**▪ बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था राहत बनी**

मंदिर प्रशासन की ओर से लागू की गई सुगम दर्शन व्यवस्था बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए राहत का कारण बनी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत पास बनवाकर इन श्रद्धालुओं ने अपेक्षाकृत कम समय में माता के दर्शन किए। मंदिर प्रशासन के अनुसार रविवार को 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

**▪ श्रद्धालुओं ने उठाई स्थायी कतार व्यवस्था की मांग**

पंजाब से पहुंचे श्रद्धालु रमनप्रीत ने कहा कि मंदिर की व्यवस्थाओं में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई स्तरों पर काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि श्रद्धालुओं की कतार के लिए सड़क से अलग पक्के प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाना चाहिए। इससे भक्तों को सुविधा मिलेगी और मुख्य सड़क पर यातायात प्रभावित होने की समस्या भी कम होगी।

# राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना

कपिल | ज्वालामुखी
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने रविवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर पहुंचकर मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मां ज्वाला जी के पावन धाम में दर्शन एवं पूजा-अर्चना का अवसर उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने मां ज्वाला से देश की निरंतर प्रगति, समृद्धि और शांति के लिए भी प्रार्थना की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए राष्ट्र को विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उनके निरंतर सशक्त नेतृत्व की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां ज्वाला जी की दिव्य कृपा हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश पर सदैव बनी रहे और देश निरंतर विकास एवं समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता रहे।




## हिमालय संरक्षण संगोष्ठी में शामिल होने के बाद शिमला रवाना हुए राज्यपाल

**राहुल | धर्मशाला :** राज्यपाल कविंदर गुप्ता अपने एक दिवसीय धर्मशाला दौरे के बाद रविवार सुबह शिमला के लिए रवाना हो गए। राज्यपाल शनिवार को धर्मशाला पहुंचे थे, जहां उन्होंने हिमालय परिवार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हिमालय संरक्षण से राष्ट्र निर्माण की ओर' विषय पर एक दिवसीय अभिमुखीकरण एवं भावी रणनीति संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संगोष्ठी के दौरान हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और राष्ट्र निर्माण में हिमालय की भूमिका को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने हिमालय के सामने मौजूद पर्यावरणीय चुनौतियों तथा उनके समाधान को लेकर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन समारोह भी आयोजित किया गया। राज्यपाल ने हिमालयी पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिमालय केवल हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है।कार्यक्रम संपन्न होने के बाद राज्यपाल कविंदर गुप्ता रविवार सुबह धर्मशाला से शिमला के लिए रवाना हो गए।

# पांच साल से बदहाल बारडी का रास्ता, नूरपूर विधायक की पहल से शुरू हुआ सुधार कार्य

संजीव महाजन | नूरपुर
समर न्यूज़



पंचायत सुलयाली के बारडी वार्ड में पिछले करीब पांच वर्षों से बदहाल पड़े गांव के रास्ते की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का के समक्ष अपनी परेशानी रखी। वार्ड सदस्य पूजा देवी सहित ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान रास्ते में कीचड़ और गड्ढों के कारण आवाजाही बेहद मुश्किल हो जाती है।ग्रामीणों के अनुसार रास्ते की हालत खराब होने के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस तक पहुंचने में परेशानी होती है। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों को रोजाना आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने रास्ते को जल्द पक्का करवाने की मांग उठाई।

ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक रणवीर सिंह निक्का ने रास्ते की स्थिति सुधारने के लिए जेसीबी मौके पर भेजी। इसके चलते रास्ते को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया है। साथ ही ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुलिया का निर्माण विधायक निधि से करवाने की पहल भी की गई है।विधायक की इस पहल पर ग्रामीणों ने आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अस्थायी मरम्मत के साथ-साथ रास्ते का स्थायी समाधान करते हुए इसे पक्का करवाया जाना जरूरी है, ताकि बरसात के मौसम में उन्हें बार-बार परेशानी का सामना न करना पड़े।

**▪ बारडी वार्ड के ग्रामीणों ने जताया रोष**

ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से रास्ते की खराब स्थिति की वजह से उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। बच्चों की स्कूल आवाजाही से लेकर बुजुर्गों और मरीजों को लाने-ले जाने तक में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि विधायक की पहल के बाद अब रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

## हिंदी दिवस पर गेयटी थिएटर में सजेगा जिला स्तरीय कवि सम्मेलन

समर न्यूज़ | शिमला

भाषा एवं संस्कृति विभाग, जिला शिमला द्वारा हिंदी पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 सितंबर, 2026 को हिंदी दिवस के अवसर पर गेयटी थिएटर, शिमला में जिला स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।कवि सम्मेलन में जिला शिमला के विभिन्न क्षेत्रों से कवि एवं साहित्यकार भाग लेंगे। इस दौरान कवि हिंदी भाषा और साहित्य से जुड़ी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति, देशभक्ति, सामाजिक सरोकार तथा समसामयिक विषयों को स्वर दिया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के तहत इससे पहले 9 सितंबर को बच्चों के लिए भाषण, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# चुनावों में संगठनात्मक तैयारियों पर बीजेपी का मंथन

## स्तर पर संगठन को मजबूत करने का फैसला, जनता के समक्ष लायेंगे सुक्खू सरकार की नाकामियां

राहुल चावला | कांगड़ा
समर न्यूज़

कांगड़ा में भारतीय जनता पार्टी की मंडल बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक में पार्टी नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और प्रदेश सरकार की कथित नाकामियों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की रणनीति तैयार की। बैठक को कांगड़ा विधायक पवन काजल और भाजपा जिला प्रभारी एवं विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने संबोधित किया।

बैठक के दौरान कांगड़ा विधायक पवन काजल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध



करवाने, पांच वर्षों में पांच लाख नौकरियां देने, गोबर खरीद और स्टार्टअप जैसी कई गारंटियां सरकार ने जनता को दी थीं, लेकिन इनमें से कई वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इन मुद्दों को लेकर पहले भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर चुकी है और आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी।पवन काजल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर पार्टी की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी 101 बूथों पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर 100 दीये जलाए जाएंगे। इस तरह पूरे विधानसभा क्षेत्र में करीब 10,100 दीये जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के साथ उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के कार्यकाल को याद किया जाएगा।

वहीं, कांगड़ा के विकास को लेकर पवन काजल ने कहा कि क्षेत्र लंबे समय से विकास की दृष्टि से पिछड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें अलग-अलग चुनाव चिन्हों पर लगातार तीन बार जीत दिलाई है। अब क्षेत्र की जनता विकास के साथ-साथ सरकार में कांगड़ा की उचित भागीदारी चाहती है। उन्होंने संकेत दिया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कांगड़ा को सरकार में बड़ा पोर्टफोलियो मिलने की उम्मीद है। भाजपा जिला प्रभारी विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि पार्टी 17 सितंबर से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। 'आशीर्वाद का दीया' अभियान के तहत घर-घर दीये जलाने के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं से बने बड़े प्रोजेक्ट, पुल और अन्य विकास कार्यों के पास भी सामूहिक रूप से दीप जलाए जाएंगे।विक्रम ठाकुर ने हिमकेयर और सहारा योजना समेत स्वास्थ्य, सड़क, बेरोजगारी, महिलाओं और किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की कथित कमियों को विधानसभा के साथ-साथ जनता के बीच भी उठाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर इन मुद्दों को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

# तेज बारिश से कंडाघाट में भूसख्लन, मंदिर के ऊपर गिरा पहाड़ का मलबा

भूपेंद्र | सोलन
समर न्यूज़



उपमंडल कंडाघाट की ग्राम पंचायत चायल के मिहानी गांव में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज बारिश के कारण पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा खिसककर एक घर के साथ स्थित मंदिर के ऊपर जा गिरा। मलबे की चपेट में आने से मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं, मंदिर के समीप स्थित मकान और गोशाला पर भी लगातार भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मिहानी गांव निवासी रमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय हीरा सिंह के मकान के साथ बने मंदिर के ऊपरी हिस्से से अचानक भारी मलबा नीचे आ गया। मलबा गिरने से मंदिर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास रहने वाले लोगों में भी चिंता का माहौल है। बारिश का सिलसिला जारी रहने पर दोबारा मलबा गिरने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रमेश कुमार के छोटे भाई राजेश कुमार के मकान के साथ लगती गोशाला भी खतरे की जद में है। पहाड़ी से लगातार पानी के साथ मिट्टी और पत्थर नीचे आने के कारण गोशाला को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। यदि बारिश और तेज होती है तो मलबा मकान और गोशाला तक पहुंच सकता है, जिससे परिवार की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो सकता है।

घटना की सूचना मिलने के बाद ग्राम पंचायत चायल के प्रधान पंकज ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर परिवार से घटना की जानकारी ली और स्थिति का जायजा लिया।

## टुटू में अंडर-19 प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

समर न्यूज़ | शिमला

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उत्कृष्ट टुटू में आयोजित शिमला-1 जोन की अंडर-19 छात्र खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के चौथे दिन खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के करीब 386 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को कबड्डी, योग, शतरंज, वॉलीबॉल और खो-खो सहित कई खेलों के मुकाबले करवाए गए। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। कबड्डी, योग और शतरंज में छोटा शिमला स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, वॉलीबॉल और खो-खो में मेजबान टुटू स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। देर शाम टुटू स्कूल और भट्टाकुफर स्कूल के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया,जिसमें टुटू की टीम ने बाजी मारी।

# प्रदेश में इस सप्ताह हल्की बारिश की संभावना, 63 सड़कें अब भी बंद



समर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से धीमे पड़े मानसून ने फिर गतिविधि बढ़ाई है। राज्य के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश हुई है। कांगड़ा जिला के मुख्यालय धर्मशाला में सबसे अधिक 87.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शिमला में भी गत शुक्रवार रात और शनिवार दिन में बारिश हुई। बारिश के कारण राज्य में भू-स्खलन से 63 सड़कें बंद हैं और 21 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में जंगल में हुए भू-स्खलन के कारण देवदार के कई पेड़ उखड़ गए। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में धर्मशाला में 87.2 मिलीमीटर, कांगड़ा में 68.8, कुफरी में 64.6, शिलारू में 54.6 और जोगिंदरनगर में 48 मिलीमीटर बारिश हुई। शिमला के रामपुर उपमंडल के 15/20 क्षेत्र में फांचा कंडे के नीचे जंगल का एक हिस्सा धंस गया। इससे कई दर्जन देवदार के पेड़ ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। मौसम विभाग के सात दिन के पूर्वानुमान के अनुसार 13 से 17 सितंबर तक मौसम में छिटपुट बारिश की गतिविधि बनी रह सकती है। 18 सितंबर को कुछ स्थानों पर अलग-अलग बारिश की संभावना दर्ज की गई है। इन सातों दिनों में भारी बारिश के लिए कोई चेतावनी नहीं है। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 11 फीसदी कम बारिश हुई है।

# नाचन में पंचायती राज प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में सुक्खू सरकार पर बरसे जयराम

**▪ हिमकेयर योजना को बदनाम करने के लिए रचा जा रहा जांच का नाटक : जयराम ठाकुर**

समर न्यूज़ | मंडी




पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नाचन विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए सभी सफल प्रतिनिधियों को बधाई दी और उन्हें पूर्ण निष्ठा, समर्पण तथा जनसेवा की भावना के साथ क्षेत्र के विकास में जुटने का आह्वान किया। इससे पूर्व यहां पहुंचे पर स्थानीय विधायक विनोद कुमार की अगुवाई में भव्य स्वागत हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखे हमले बोले और आरोप लगाया कि पंचायती राज संस्थाएँ लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं, लेकिन वर्तमान सरकार ने चुनाव टालने के हर संभव हथकंडे अपनाए और अंततः माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही ये चुनाव संपन्न हो सके, जिसमें जनता ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये चुनाव भाजपा के कड़े संघर्ष और प्रयासों का ही परिणाम हैं, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तो पंचायत प्रतिनिधियों को प्रधान पद पर देखना ही नहीं चाहते थे।

प्रदेश के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि 'तालाबंदी' ही सुक्खू गवर्नेंस का मुख्य मॉडल बन चुका है और चार साल का कार्यकाल पूरा होने को है, लेकिन विकास के मामले में प्रदेश वहीं खड़ा है जहाँ भाजपा सरकार इसे छोड़कर गई थी। मुख्यमंत्री के हालिया दिल्ली दौरे पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस के अंदरूनी हालात बेहद खराब हैं, जहाँ कुछ मंत्री मुख्यमंत्री को हटाने और कुछ विधायक खुद को मंत्री बनवाने के लिए दिल्ली दौरे पर गए थे, लेकिन कांग्रेस हाईकमान और राहुल गांधी ने उन्हें मिलने का समय तक नहीं दिया। उन्होंने तंज कसा कि मुख्यमंत्री जनसभाओं में बिना किसी संवैधानिक प्रक्रिया और लोकभवन की औपचारिक चिट्ठी के ही मंत्री पद बांटने की घोषणाएं कर देते हैं, जिससे एक साल से इंतज़ार कर रहे विधायक हताश घूम रहे हैं। एक विधायक तो बेचारा दुबला पतला हो गया है जो रोज इनके आगे पीछे घूमता रहता है।

# ब्रिक्स भारत के लिए वैश्विक स्तर पर संबंधों को मजबूत करने का मंचः विक्रमादित्य

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ब्रिक्स सम्मेलन



को भारत के लिए अहम अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बदलती आर्थिक और रणनीतिक परिस्थितियों के बीच भारत को ब्रिक्स में अपनी भूमिका और मजबूत करनी चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने रूस और चीन के साथ संबंधों से लेकर हिमालयी क्षेत्र में बढ़ती आपदाओं, मानसून से प्रदेश में हुए नुकसान और शिमला की ट्रैफिक समस्या पर भी अपनी राय रखी। नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स किसी विचारधारा तक सीमित मंच नहीं है, बल्कि भारत के राष्ट्रीय हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण संगठन है। भारत को ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका समेत सभी सदस्य देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ब्रिक्स में भारत का नेतृत्व और प्रभाव बढ़ना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी के क्षेत्र में भारत को अपनी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। उनके मुताबिक ब्रिक्स के माध्यम से निवेश, रोजगार और तकनीकी सहयोग के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।विक्रमादित्य सिंह ने रूस को भारत का पुराना और भरोसेमंद मित्र बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी देशों के साथ संतुलित संबंध जरूरी हैं।

उन्होंने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में बदलाव और वैकल्पिक वित्तीय तंत्र पर भी विचार करने की जरूरत बताई। वहीं मानसून से हुए नुकसान पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में लोक निर्माण विभाग को करीब 1500 से 1600 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि 2023 और 2024 की तुलना में इस बार नुकसान कम रहा है।

**सुविधा** | अब गांवों की लाइब्रेरी में भी बनेंगे मॉडर्न किताबी कॉर्नर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी होगी आसान

# ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को मिलेगी आधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

जिला मुख्यालय की लाइब्रेरी में तैयार किए गए मॉडर्न किताबी कॉर्नर को विद्यार्थियों से मिल रहे बेहतर रिस्पांस के बाद अब जिला प्रशासन ने इस सुविधा का विस्तार करने का फैसला लिया है। योजना के तहत सब-डिवीजन और ग्रामीण स्तर पर संचालित लाइब्रेरी में भी आधुनिक किताबी कॉर्नर विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मुहैया करवाना है।



गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला लाइब्रेरी में आधुनिक किताबी कॉर्नर का उद्घाटन किया था। इस कॉर्नर में विद्यार्थियों के लिए खुला और सुविधाजनक स्पेस, आधुनिक फर्नीचर तथा पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। इसके बाद से यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की संख्या और रुचि को देखते हुए प्रशासन ने इस मॉडल को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की योजना तैयार की है। हमीरपुर जिला मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पहुंचते हैं। इनमें सरकारी नौकरियों सहित विभिन्न प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक किताबी कॉर्नर बनने से विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने की जरूरत कम होगी। इससे उनका समय और यात्रा पर होने वाला खर्च भी बचेगा।उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जिला लाइब्रेरी में मॉडर्न किताबी कॉर्नर को फिलहाल ट्रायल के तौर पर विकसित किया गया था। विद्यार्थियों को इसमें बैठने के लिए पर्याप्त खुला स्थान और आधुनिक फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया, जिससे उन्हें शांत और सुविधाजनक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ट्रायल सफल रहने के बाद अब इसी तर्ज पर सब-डिवीजन और ग्रामीण स्तर की लाइब्रेरी में भी किताबी कॉर्नर विकसित किए जाएंगे।

प्रशासन की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन और अध्ययन का अनुकूल माहौल अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## पुलिस नाके उड़ाकर गाड़ियां कुचल कार चालक फरार

समर न्यूज़ | गगरेट

गगरेट कस्बे में शनिवार को एक संदिग्ध कार चालक पुलिस नाकों को धता बताते हुए कई वाहनों को टक्कर मारकर पुलिस की आंखों के सामने से फरार हो गया। पुलिस ने कार का पीछा भी किया, लेकिन चालक पंडोगा तक पुलिस को चकमा देने के बाद कार को पंजाब की ओर ले जाने में कामयाब रहा। पुलिस ने गगरेट-होशियारपुर सडक़ पर आशादेवी के समीप नाका लगाकर होशियारपुर की तरफ से एक अप्लाइड फार नंबर वाली ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय नाका तोड़ दिया और कार को तेज गति से गगरेट की ओर भगा ले गया यातायात पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना गगरेट चौक पर तैनात यातायात कर्मियों को दी।

# बरसात ने खोली विकास की पोल, पानी में डूबा जीरकपुर, वाहनों की थमी रफ्तार

## बारिश के बाद जीरकपुर की सड़कें पर पानी का उमड़ा सैलाब, रुके वाहन, जगह-जगह लगा ट्रैफिक जाम



बारिश के बाद जीरकपुर की सड़क पर भरा पानी और जाम में फंसे वाहन। - समर न्यूज़

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़



पटियाला चौक के पास पानी में डूबे वाहन। - समर न्यूज़

बारिश के बाद रविवार को जीरकपुर शहर की सड़कों पर जलभराव ने एक बार फिर नगर काउंसिल की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। शहर की कई प्रमुख सड़कों और गलियों में पानी जमा होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी में डूबी सड़कों पर यातायात की रफ्तार थम गई और कई स्थानों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए।

जलभराव के कारण शहर के व्यस्त मार्गों पर लंबा जाम लग गया। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई, जबकि कार चालकों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान हर बार यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के नाम पर अब तक केवल दावे ही किए जाते रहे हैं। चंडीगढ़ के नजदीक तेजी से विकसित हुए जीरकपुर में ऊंची इमारतों और आबादी का लगातार विस्तार हुआ है, लेकिन इसके मुकाबले जल निकासी व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि यदि बारिश के दौरान किसी व्यक्ति को आपात स्थिति में अस्पताल या अन्य जरूरी स्थान पर पहुंचना पड़े तो जलभराव और जाम के कारण समय पर पहुंचना मुश्किल हो सकता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले कई वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सरकारें और स्थानीय प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे हैं, लेकिन समस्या का स्थायी हल नहीं निकल पाया। लोगों ने मांग की है कि बारिश से पहले नालों और सीवरेज की सफाई करवाने के साथ जल निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि हर बारिश में शहर को जाम और जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े।

## बरसात के कारण चंडीगढ़ नहीं उतर सकी इंडिगो फ्लाइट, जयपुर डायवर्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

कोलकाता से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E 874 को खराब मौसम के कारण रविवार को जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। चंडीगढ़ में तेज बारिश और प्रतिकूल मौसम की वजह से विमान की लैंडिंग संभव नहीं हो सकी, जिसके बाद पायलट ने फ्लाइट को जयपुर ले जाने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट ने कोलकाता से सुबह करीब 11:38 बजे उड़ान भरी थी और इसे दोपहर लगभग 2 बजे चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचना था। इसी दौरान चंडीगढ़ में मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश शुरू हो गई। सुरक्षित लैंडिंग के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के कारण विमान को जयपुर की ओर मोड़ दिया गया। फ्लाइट की जयपुर एयरपोर्ट पर दोपहर 3:23 बजे सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। फ्लाइट डायवर्ट होने के कारण चंडीगढ़ आने वाले यात्रियों की यात्रा में देरी हुई। हालांकि विमान को आगे चंडीगढ़ कब भेजा जाएगा या यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी, इसे लेकर तत्काल आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी।

## फेज-10 में जलमग्न सड़क में हिमाचल नंबर की कार पलटी

- समाजसेवी पंकज कुमार ने मौके पर पहुंचकर की मदद

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़



बारिश के दौरान फेज-10 मोहाली में हिमाचल नंबर की एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने समाजसेवी पंकज कुमार को फोन कर हादसे के बारे में बताया। सूचना मिलते ही पंकज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार सवार की मदद की।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल नंबर की यह कार बारिश के दौरान फेज-10 क्षेत्र में पलट गई थी। कार में सवार लोग हिमाचल प्रदेश से आए हुए थे और सेक्टर-48 की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बारिश के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार पलट गई।

मौके पर पहुंचे समाजसेवी पंकज कुमार और उनकी टीम ने सबसे पहले कार सवार लोगों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पलटी हुई कार को सीधा करवाया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

रिश्तेदार से मिलने आए थेः सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कार सवार हिमाचल प्रदेश से फेज-10 स्थित एलआईजी मकानों में रहने वाले अपने रिश्तेदार शमशेर सिंह से मिलने आए थे। वहां से वे सेक्टर-48 की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बारिश के कारण यह हादसा हो गया। समाजसेवी पंकज कुमार ने बताया कि जैसे ही उन्हें हादसे की सूचना मिली, वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कार सवारों की मदद की गई और वाहन को सड़क से हटवाकर स्थिति सामान्य करवाई गई।

## अघोषित कटों से परेशान लोगों ने बिजली ग्रिड का किया घेराव



- बेला होम्स, राजिंदरा एन्क्लेव समेत कई सोसायटियों के लोगों ने की नारेबाजी
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया, अधिकारियों से करवाई बातचीत

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

डेराबस्सी और आसपास के इलाकों में बिजली की लगातार बिगड़ रही आपूर्ति से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बार-बार लग रहे बिजली कटों के कारण पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। इससे विभिन्न रिहायशी सोसायटियों के लोगों में रोष है। शनिवार देर रात बेला होम्स, राजिंदरा एन्क्लेव समेत अन्य सोसायटियों के निवासी एकत्र होकर मुबारिकपुर बिजली ग्रिड पहुंचे। लोगों ने बिजली विभाग और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रिड का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से रात के समय घंटों बिजली बंद रहती है और सुबह जाकर आपूर्ति बहाल होती है। दिन में भी बार-बार कट लगने से घरों में पानी की समस्या पैदा हो रही है। लोगों का कहना था कि विभागीय अधिकारियों को बार-बार फोन करने के बावजूद समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया। उनका आरोप था कि बिजली बंद करने से पहले कोई सूचना भी नहीं दी जाती। माहौल बिगड़ता देख पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों से उनकी बातचीत करवाई। इसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

वसनीकों ने चेतावनी दी कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले भी करीब आधा दर्जन कॉलोनियों के लोग ग्रिड का घेराव कर चुके हैं।

### शहर में भी अघोषित कटों से लोग परेशान

डेराबस्सी शहर में भी कई-कई घंटे लग रहे अघोषित बिजली कटों से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रात के समय बिजली बंद रहने से लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही है।

# गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में श्रद्धा से मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व

गुरशरण सिंह | मोहाली
समर न्यूज़



धन-धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहीदी स्थान गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रकाश पर्व के अवसर पर सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद दिनभर धार्मिक समागम आयोजित हुआ। भाई जतिंदर सिंह के इंटरनेशनल ढाडी जत्थे ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की महानता के साथ उसमें दर्ज छह गुरु साहिबानों और भक्तों की बाणी के बारे में संगत को जानकारी दी।

श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई गुरभेज सिंह के जत्थे ने रसभीने कीर्तन से संगत को गुरबाणी से जोड़ा। वहीं लुधियाना के शिरोमणि प्रचारक भाई मनजीत सिंह ने श्री गुरु अर्जन देव जी द्वारा श्री दरबार साहिब अमृतसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश और बाबा बुड्ढा जी द्वारा लिए गए प्रथम हुकमनामा साहिब के बारे में विस्तार से बताया।

समागम में विभिन्न गुरुद्वारों से पहुंचे रागी, प्रचारक और कीर्तनी जत्थों ने कथा, कीर्तन, कविशरी और गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को निहाल किया। सभी जत्थों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दरबार साहिब को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। गुरुद्वारा परिसर और मुख्य द्वार तक के मार्ग को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर माथा टेका।

# हेरोइन समेत युवक गिरफ्तार

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़ पुलिस के थाना सेक्टर-39 की टीम ने नशा तस्करी के एक मामले में 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान पलसोरा निवासी अनुज कुमार के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 32.01 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना सेक्टर-39 और पुलिस चौकी पलसोरा की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान 12 सितंबर की शाम करीब 7:50 बजे पलसोरा गांव, सेक्टर-55 के पास बीट बॉक्स क्षेत्र में एक युवक को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान उसके पास से कथित तौर पर 32.01 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास नशीला पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। इसके बाद थाना सेक्टर-39 में एफआईआर नंबर 155 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पांचवीं कक्षा तक पढ़ा है और उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है।

जून 2026 में दर्ज उस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था और वह 11 अगस्त 2026 को बुड़ैल मॉडल जेल से रिहा हुआ था।

पुलिस ने कहा कि आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ेगी कांग्रेसः पहलवान गिल

## सचिन पायलट को पंजाब का प्रभारी बनाए जाने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी

गुरशरण सिंह | मोहाली
समर न्यूज़



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला मोहाली के अध्यक्ष और मोहाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट के दावेदार पहलवान अमरजीत सिंह गिल ने कहा कि पंजाब में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी और भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिल ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा सचिन पायलट को पंजाब का प्रभारी बनाए जाने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और प्रदेश के युवाओं को भी आगे आने का अवसर मिलेगा।

गिल ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की कथित विफलताओं के कारण प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लगने वाले बिजली कट, लगातार बढ़ती नशे की समस्या और नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर कथित तौर पर मामले दर्ज करने जैसी कार्रवाइयों से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में युवाओं को आगे लाने की जरूरत है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि लंबे समय से पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहने वाले युवाओं को आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट दिए जाएंगे।

गिल ने कहा कि कांग्रेस का संगठन आने वाले समय में और मजबूत होगा तथा पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

# 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए एआई आधारित उच्च शिक्षा जरूरीः राज्यपाल कटारिया

शगुन कश्यप| चंडीगढ़
समर न्यूज़



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार में बदलाव लाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल मानव-केंद्रित, नैतिक, समावेशी और समाज के प्रति जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए। पंजाब लोक भवन में आयोजित कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एआई ने लोगों के सीखने, काम करने, शोध करने और निर्णय लेने के तरीकों को बदल दिया है। आने वाले दशकों में यह भारत की अर्थव्यवस्था और समाज को प्रभावित करने वाली एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी शक्ति साबित होगी।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एआई को केवल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान तक सीमित न रखें। चिकित्सा, कृषि, कानून, वित्त, भाषा और सामाजिक विज्ञान सहित अन्य क्षेत्रों में भी इसकी पढ़ाई और उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

संस्थानों को कृषि, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, शासन व्यवस्था और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए एआई आधारित तकनीक विकसित करनी चाहिए।

राज्यपाल कटारिया ने विश्वविद्यालयों में एआई प्रयोगशालाएं स्थापित करने, ब्रिज पाठ्यक्रम, प्रमाणन कार्यक्रम, कौशल विकास और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, इंडिया एआई मिशन, भारतजेन, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को देश की शोध एवं तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।

# जगतपुरा में आरएमसी प्वाइंट को लेकर पार्षद अमरजीत सिंह ने मेयर से की मुलाकात

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़



फेज-11 के निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम पार्षद अमरजीत सिंह के नेतृत्व में मेयर सरबजीत सिंह समाणा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने फेज-11 के नजदीक जगतपुरा में बने आरएमसी प्वाइंट को लेकर विस्तार से चर्चा की और क्षेत्रवासियों की चिंताओं से मेयर को अवगत कराया। अमरजीत सिंह ने बताया कि पिछले दिनों नगर निगम की वित्त एवं ठेका कमेटी की बैठक के संबंध में मीडिया में आई खबरों के बाद स्थानीय निवासियों में आशंका पैदा हो गई थी कि जगतपुरा के पास आरएमसी सेंटर के लिए बजट मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मेयर सरबजीत सिंह समाणा ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट किया कि जिस एस्टीमेट की चर्चा की जा रही है, वह न तो वित्त एवं ठेका कमेटी की बैठक के एजेंडे में शामिल था और न ही उसे बैठक में मंजूरी दी गई। अमरजीत सिंह के अनुसार, मेयर ने यह भी भरोसा दिया कि फेज-11, सेक्टर-48 और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से डंपिंग प्वाइंट को पूरी तरह हटाने का जो वादा किया गया था, उसे पूरा करने के लिए कार्रवाई जारी है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद सुखविंदर सिंह बरनाला, स्वर्णलता, रणजीत सिंह ढिल्लों मौजूद थे।

# खरड़ में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़

समर न्यूज़| खरड़

मोहाली जिले के खरड़ में स्पा सेंटर की आड़ में कथित देह व्यापार का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार देर रात कार्रवाई करते हुए सेंटर से चार युवतियों को रेस्क्यू किया और मैनेजर सलमान खान को गिरफ्तार किया। आरोपी हरियाणा के यमुनानगर जिले के छछरौली की रामिया कॉलोनी का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सदर खरड़ पुलिस के अनुसार मजात चौकी प्रभारी चरण सिंह पुलिस टीम के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र में संचालित एक लग्जरी स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेंटर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान चार युवतियां मौके पर मिलीं, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू कर लिया। पुलिस ने सलमान खान को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सेंटर में गतिविधियां कब से चल रही थीं और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हैं। पुलिस सेंटर के संचालन और आरोपी की भूमिका से जुड़े दस्तावेजों तथा अन्य साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में सेंटर के मालिक और उससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पिकअप गाड़ी से ले जाया जा रहा था पनीर, स्वास्थ्य विभाग ने भरे सैंपल

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़



त्योहारी सीजन को देखते हुए मिलावटी मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने ढकोली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में पिकअप गाड़ी के जरिए ले जाए जा रहे पनीर की जांच की।

पनीर संदिग्ध पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसके सैंपल भरकर जांच के लिए भेज दिए। मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि पिकअप गाड़ी में बड़ी मात्रा में पनीर ले जाया जा रहा है।

सूचना के आधार पर गाड़ी को रोककर उसमें रखे खाद्य पदार्थ की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान पनीर के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार द्वारा हाल ही में एनालॉग पनीर के उत्पादन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में पनीर की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

**सड़क विस्तार** हिसार, कुरुक्षेत्र, नारनौल, जींद और सोहना-पलवल बाईपास परियोजनाओं को हरी झंडी

# एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के बाहर बनेंगे रिंग रोड

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों और कस्बों के बाहर रिंग रोड तथा राष्ट्रीय राजमार्ग विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरकार का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करना और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री सचिवालय में राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े शहरी क्षेत्रों में भीड़ कम करने के लिए तैयार मास्टर प्लान और राज्य की वित्तीय भागीदारी के मॉडल को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाहरी रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप राज्य स्तर पर व्यवस्था तैयार की जाए। केंद्र और राज्य के बीच लागत हिस्सेदारी तय करने के लिए वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति भी गठित की गई है।

बैठक में हिसार बाईपास, कुरुक्षेत्र बाईपास, नारनौल सिटी बाईपास, जींद बाईपास तथा सोहना-पलवल बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। हिसार बाईपास के माध्यम से हिसार-राजगढ़ रोड एनएच-52 को हिसार-दिल्ली रोड और हिसार-कैथल रोड से जोड़ा जाएगा। कुरुक्षेत्र-लाडवा बाईपास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और इस पर जल्द काम शुरू करने की बात कही गई। नारनौल में करीब 11 किलोमीटर लंबे सिटी बाईपास को एनएच-148बी से जोड़ा जाएगा। जींद में बाहरी रिंग रोड और एनएच-352 के चार लेन मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं एनएच-919 से पलवल-सोहना बाईपास को पुनः डिजाइन कर चार लेन का बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई करीब 24 किलोमीटर होगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 9700 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

# दिल्ली में बनेंगे 1,000 आधुनिक सार्वजनिक शौचालयः रेखा गुप्ता

## शौचालयों के निर्माण समेत संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए कुल 300 करोड़ रुपये का प्रावधान

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी में सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 1,000 आधुनिक शौचालय ब्लॉक बनाने की योजना पर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में 500 ब्लॉक बनाए जाएंगे, जिनके लिए करीब 127 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। दिल्ली सरकार के 2026-27 के बजट में 1,000 आधुनिक शौचालयों के निर्माण समेत संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए कुल 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम ने पहले चरण के लिए



निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। 500 शौचालय ब्लॉकों के निर्माण की अनुमानित लागत 127.09 करोड़ रुपये है। निविदा में 244 ब्लॉकों का काम वजीराबाद और श्रीनिवासपुरी समेत संबंधित परियोजना क्षेत्रों में शामिल है। बाकी 500 ब्लॉक दूसरे चरण में बनाए जाएंगे।

### शौचालयों में सुरक्षा के लिए लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, सौलर से होगी ऊर्जा की आपूर्ति

प्रस्तावित शौचालय चौबीसों घंटे उपयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश और निकास पर सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था होगी। ब्लॉकों में ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की भी योजना है। अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने का प्रावधान रखा गया है। नई योजना का उद्देश्य खराब या अपर्याप्त सार्वजनिक शौचालयों की समस्या कम करना और दिल्ली आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित तथा आसानी से उपलब्ध सुविधा देना है। बजट में इसे राजधानी की स्वच्छता और पर्यटन सुविधाओं को मजबूत करने की व्यापक योजना से जोड़ा गया है।

सरकार के अनुसार बाजारों, पार्कों, सड़कों, राजमार्गों और अधिक भीड़ वाले स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर उन स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा के लिए अधिक परेशानी होती है। सिविल लाइंस, आनंद विहार, एम्स परिसर, अगस्त क्रांति मार्ग, सूरजमल विहार और झिलमिल जैसे इलाकों का नाम योजना में सामने आया है।

# लादेन की हिट लिस्ट में भारत भी था, सीआईए दस्तावेजों से खुलासा

एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की हाल में सार्वजनिक की गई खुफिया रिपोर्टों से पता चला है कि अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन 9/11 हमले से पहले भारत को भी संभावित निशाना मानता था। 28 अगस्त 1998 की एक रिपोर्ट में भारत समेत कई देशों में हमले की योजना का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट का शीर्षक 'बिन लादेन का आतंकी नेटवर्क अब भी खतरा' था। सीआईए ने 9/11 हमले की 25वीं बरसी के अवसर पर बिन लादेन और अलकायदा से संबंधित 70 से अधिक खुफिया रिपोर्ट सार्वजनिक की हैं। इनमें 100 से ज्यादा पन्नों की सामग्री शामिल है। कुछ हिस्से अब भी गोपनीय रखे गए हैं। दस्तावेज में खुफिया सूचना के स्रोत का भी खुलासा नहीं किया गया है। 1998 की रिपोर्ट में भारत के अलावा पाकिस्तान, मिस्र, कुवैत का उल्लेख संभावित निशाने के रूप में किया गया है।

# साधना की संगी है माला; जप से बढ़ती है एकाग्रता और मन होता है पवित्र

## डेहलो रोड आश्रम में माला पूजन, सामूहिक जाप के बाद विश्व शांति की प्रार्थना

लक्की मेहता। लुधियाना
समर न्यूज़

डेहलो रोड स्थित संत श्री आशाराम जी बापू आश्रम में पवित्र माला पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण, ध्यान और प्रार्थना से हुई। इसके बाद साधकों ने विधि-विधान से माला का पूजन कर सामूहिक जाप किया।

आश्रम के वक्ता योगेश भाई ने कहा कि पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू के सत्संग में बताया गया है कि माला केवल धागे में पिरोए हुए मनके नहीं, बल्कि साधक की साधना की संगी है। माला पर जप करने से मन की चंचलता कम होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मंत्र चेतना जागृत होती है। नियमित जप से मन





की शुद्धि और बुद्धि के परिष्कार में मदद मिलती है।

**माला पूजन को बताया लक्ष्य पूजन**

कार्यक्रम में संत श्री आशाराम जी बापू के सत्संग का वीडियो प्रसारण भी किया गया। इसमें बापूजी ने कहा कि माला का पूजन अर्थात अपने लक्ष्य का पूजन है। जिस तरह माला के सभी मनके एक धागे में पिरोए रहते हैं, उसी तरह मानव जीवन भी परमात्मा के एक ही सूत्र में जुड़ा हुआ है। जप से मन पवित्र होता है और पवित्र मन में ही परमात्मा का वास होता है। सत्संग के माध्यम से साधकों को प्रतिदिन तुलसी या रुद्राक्ष की माला पर कम से कम 10 माला जप करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। इस मौके पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के संजय भाई, योगेश भाई, के.एन. रतन, सोहन सिंह, दीपक तिवारी, हेमलता बहन एवं अन्य मौजूद थे।

# 300 से ज्यादा महिलाओं की जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और बीमारियों की समय पर पहचान के उद्देश्य से बंधू हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन की ओर से लीफोर्ड हेल्थ केयर लिमिटेड के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, नगर निगम जोन-बी के नजदीक आयोजित कैंप में 300 से अधिक महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं।

कैंप की अगुवाई फाउंडेशन की डायरेक्टर समरता कौर ने की। नगर निगम लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियां निभाते हुए अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर



बीमारी का कारण बन सकती है। इसलिए महिलाओं को अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए नियमित जांच करवानी चाहिए।

कैंप में मोहन दई ओसवाल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं की जांच की। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर परामर्श दिया और जरूरत के अनुसार मुफ्त दवाइयां भी वितरित कीं।

समरता कौर ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार ऐसे कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं को बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध करवाना कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश महासचिव रजनीश धीमान, गुरदेव शर्मा देबी, परवीन बांसल, राकेश कपूर, पार्षद जग्गी, सरबजीत सिंह काका, लीना टपारिया, सनी बेदी, बलवंत सिंह भीखी, नीरज सचदेवा, ललित टंडन, ललित गोयल, गौरव अरोड़ा, अमित भगत, निशांत कुमार, प्रथम वीर, मनप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नवांशहर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के प्रधान बने गुरपाल सिंह काहलो



जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

नवांशहर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के शुक्रवार को हुए चुनाव में एडवोकेट गुरपाल सिंह काहलो ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की। उन्हें कुल 197 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पलविंदर ढिल्लों को 113 वोट प्राप्त हुए। इस तरह काहलो ने 84 वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। सीनियर वाइस प्रधान पद पर कृष्ण चंद्र भुट्टा ने बड़ी जीत दर्ज की। उन्हें 218 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विनीत कुमार चोपड़ा को 88 वोट प्राप्त हुए। इस पद के चुनाव में 6 वोट रद्द भी हुए। कृष्ण चंद्र भुट्टा ने 124 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं सेक्रेटरी पद के लिए त्रिभुवन शर्मा विजयी रहे।

उन्हें 180 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अभिषेक को 124 वोट प्राप्त हुए। शर्मा ने 56 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। जीत के बाद नवनिर्वाचित प्रधान गुरपाल सिंह काहलो ने बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वकीलों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन से निभाएंगे।

# बारिश से मोहाली के इलाके के घर में भरा पानी सोते हुए बच्चे की डूबकर हुई मौत

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

रविवार को खरड़ की एक झुग्गी बस्ती में निचले इलाके में बने घर में बारिश का पानी भरने से दो साल के बच्चे, देवा की सोते समय डूबकर मौत हो गई। भारी बारिश की वजह से परिवार के लिए यह एक दुखद घटना बन गई। जानकारी के मुताबिक, बच्चा घर के अंदर एक नीची खाट पर सो रहा था, तभी बारिश का पानी जमा होकर घर में घुस गया। उस समय उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे और घर में तीन-चार अन्य बच्चे मौजूद थे। जैसे-जैसे पानी का स्तर बढ़ा, नीची खाट पर सो रहे बच्चे पर दूसरे बच्चों का ध्यान नहीं गया। जब तक खतरे का पता चला, तब तक बच्चा डूब चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, जब तक टीमें घर पहुंचीं, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

# एसबीएस नगर में नेशनल लोक अदालत, 12,540 मामलों का हुआ निपटारा

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, मोहाली के निर्देश पर जिला शहीद भगत सिंह नगर की नवांशहर और बलाचौर अदालतों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 12,540 विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया।

लोक अदालत में नवांशहर के लिए छह और बलाचौर के लिए एक बेंच सहित कुल सात बेंच गठित की गईं। इन बेंचों ने विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई करते हुए पक्षकारों की आपसी सहमति और समझौते के आधार पर फैसले किए। इस दौरान करीब 6 करोड़ 90 लाख 47 हजार 160 रुपये की अवॉर्ड राशि तय की गई।

लोक अदालत को सफल बनाने में डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरमैन, जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी जतिंदर पाल सिंह खुरमी, सिविल जज सीनियर डिवीजन-



कम-सेक्रेटरी डॉ. अमनदीप, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कपूर, पारिवारिक अदालत के प्रमुख न्यायाधीश बलजिंदर सिंह मान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपराजिता जोशी, डॉ. गगनदीप कौर, अतिरिक्त सिविल जज रवि पाल सिंह भारद्वाज, सिविल जज सिमरन चलाना और एसडीजेएम बलाचौर लवजिंदर कौर सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भूमिका निभाई।

जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के चेयरमैन जतिंदर पाल सिंह खुरमी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का समाधान आपसी सहमति और राजीनामे के जरिए करना है। इससे जहां पक्षकारों का समय और पैसा बचता है, वहीं आपसी भाईचारा और सौहार्द भी बना रहता है।

# रायबकिना ने पहली बार जीता यूएस ओपन, बनीं वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी। न्यूयॉर्क



कजाकिस्तान की एलेना रायबकिना ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराकर पहली बार यूएस ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में रायबकिना ने सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से हराया। यह रायबकिना का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस जीत के साथ वह सोमवार को आधिकारिक तौर पर दुनिया की नंबर-1 महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। पहले सेट में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन अहम मौकों पर रायबकिना ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 6-4 से सेट अपने नाम किया। इस दौरान सबालेंका को गुस्से में गेंद स्टैंड की ओर मारने पर चेतावनी भी मिली। दूसरे सेट में सबालेंका ने शानदार वापसी की। उन्होंने 5-5 के बाद रायबकिना की सर्विस तोड़ी और सेट 7-5 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। निर्णायक सेट में रायबकिना ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 6-2 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। उनकी जीत से सबालेंका का लगातार तीसरी बार यूएस ओपन चैंपियन बनने का सपना भी टूट गया। सबालेंका की यूएस ओपन में लगातार 19 मैचों की जीत का सिलसिला भी समाप्त हो गया।

# एआई ऐप पर फोटो डालने से पहले प्राइवेसी और टर्म्स जरूर जांचें: सतबीर

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

सोशल मीडिया पर इन दिनों अपनी तस्वीर को 1980 के दशक का रेट्रो लुक देने का ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है। एआई ऐप के जरिए लोग फोटो में पुराने जमाने के कपड़े, हेयर स्टाइल, बैकग्राउंड और फीके रंग जोड़कर तस्वीरें बना रहे हैं। तस्वीर तैयार होते ही उसे इंस्टाग्राम और वाट्सऐप पर शेयर किया जा रहा है। हालांकि, लुधियाना पुलिस के साइबर सेल ने इस ट्रेंड को लेकर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**एक फोटो में छिपे होते हैं कई सुराग**

साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सतबीर सिंह के मुताबिक किसी भी AI ऐप पर फोटो अपलोड करने से पहले उसकी टर्म्स एंड कंडीशन पढ़ना बेहद जरूरी है। कुछ ऐप में अपलोड की गई तस्वीरों के इस्तेमाल से संबंधित शर्तें हो सकती हैं। ऐसे में



बिना जानकारी के निजी फोटो किसी भी ऐप पर डालना नुकसानदायक हो सकता है।

पुलिस के अनुसार फोटो में सिर्फ चेहरा ही संवेदनशील जानकारी नहीं है। पीछे दिखाई दे रहा घर का नंबर, सड़क का बोर्ड, वाहन की नंबर प्लेट, दुकान या ऑफिस का नाम और साथ खड़े लोगों की पहचान भी साइबर अपराधियों के लिए उपयोगी हो सकती है। मूल तस्वीर में तारीख, डिवाइस और अन्य डिजिटल जानकारी भी जुड़ी हो सकती है।

# धन-धन हजूर श्री नाभ कंवल राजा साहिब की 86वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई

- श्री अखंड पाठ के भोग के बाद सजे धार्मिक दीवान, देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए नतमस्तक

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

धन-धन हजूर श्री नाभ कंवल राजा साहिब जी की 86वीं सालाना पुण्यतिथि गांव मजारा में तीसरे दिन भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। आयोजन समिति, ग्राम पंचायत, एनआरआई और स्थानीय संगत के सहयोग से हुए इस धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

मेला प्रबंधक कुलवंत सिंह हीर ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में रखे श्री अखंड पाठों के भोग के बाद धार्मिक दीवान सजाए गए। इनमें ढाडी जतिंदर सिंह बैस भरतगढ़ वाले, ज्ञानी सुरजीत सिंह वारस, कविशर मनजीत सिंह सोही, ढाडी गरजा सिंह मटकपुर



शरीफ और ज्ञानी तरसेम सिंह सहित कई रागी, ढाडी और कविशरी जत्थों ने धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर भव्य नगर कीर्तन भी सजाया गया। अलग-अलग दीवानों में ढाडी गुरदीप सिंह उड़ापर, दलजीत सिंह मोरावली, बीबी प्रदीप कौर खालसा, पंडित सोमनाथ, भाई सुखविंदर सिंह मंढाली, गुरप्रीत सिंह रसखाना, मीरी-पीरी जत्था जगाधरी, बीबी जसप्रीत कौर पटियाला और अन्य जत्थों ने कीर्तन व धार्मिक विचारों से संगत को निहाल किया।

आयोजकों ने जिला प्रशासन की ओर से पुण्यतिथि के अवसर पर सरकारी अवकाश घोषित किए जाने की सराहना की। समागम में पहुंचे सभी रागी, ढाडी और कविशरी जत्थों को सिरोपे देकर सम्मानित किया गया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं की गईं। टेंट, कूलर, पंखे, पेयजल और गुरु के लंगर का विशेष प्रबंध किया गया।



करीब 45 एकड़ क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की गई, जबकि विभिन्न अस्पतालों की ओर से मेडिकल जांच शिविर लगाकर जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी दी गईं।

आयोजकों के अनुसार, अंतिम दिन एक से डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु समागम में पहुंचे। नवांशहर, फगवाड़ा, बलाचौर, बंगा, गढ़शंकर, गोराया, माछीवाड़ा, तरनतारन, गुरदासपुर और अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में संगत पहुंची।

# नहरी पानी प्रोजेक्ट के लिए खोदी सड़कों का जल्द होगा पुनर्निर्माण

- मेयर ने अधिकारियों को रोजाना फील्ड में जाकर काम की निगरानी करने के दिए निर्देश

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नहरी पानी प्रोजेक्ट के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के पुनर्निर्माण को लेकर नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों का काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं। मेयर ने अधिकारियों को कहा कि जिन स्थानों पर पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है, वहां सड़कों का पुनर्निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए। इसके साथ ही अधिकारियों को रोजाना फील्ड में



जाकर काम की प्रगति की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को लंबे समय तक परेशानी का सामना न करना पड़े। निगम अधिकारियों के अनुसार मेयर के निर्देशों के बाद रिशी नगर, सराभा नगर, किचलू नगर और मॉडल टाउन एक्सटेंशन सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों के पुनर्निर्माण का काम तेज कर दिया गया है।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि वर्ल्ड बैंक फंडेड कैनाल बेस्ड वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सड़कें खोदी गई थीं। पाइप लाइन का काम पूरा होने के बाद इन सड़कों को जल्द बहाल करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारियों को काम की नियमित निगरानी करनी होगी।

इसके अलावा मेयर ने प्रोजेक्ट के तहत चल रहे अन्य कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इनमें ओवरहेड वाटर रिजर्वायर का निर्माण समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

# भांखरपुर फ्लाईओवर के पास ऑटो पलटा, चालक सहित औरतें घायल





गुरमीत सिंह। डेराबस्सी
समर न्यूज़

अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांखरपुर फ्लाईओवर के पास रविवार को आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक समेत तीन महिला सवारियां घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार ऑटो डेराबस्सी से चंडीगढ़ की ओर जा रहा था। भांखरपुर फ्लाईओवर के पास चालक ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क सुरक्षा फोर्स के कांस्टेबल राजबीर सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल डेराबस्सी पहुंचाया।

**कार्यक्रम** टीचर्स डे को समर्पित इवेंट में पांच हजार शिक्षकों ने लिया हिस्सा

# शिक्षक शिक्षा के दानी, देश के निर्माता: दलजीत ग्रेवाल

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

ईस्ट विधानसभा हलके से एमएलए दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला की लीडरशिप में लोकल मल्होत्रा रिसॉर्ट में टीचर्स डे को समर्पित एक इवेंट आयोजित किया गया। इस दौरान 200 स्कूलों के 5 हजार से ज़्यादा टीचरों ने हिस्सा लिया।इस मौके पर मुख्य रूप से लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल मैडम इंदरजीत कौर, एमएलए कुलवंत सिंह सिद्धू और पार्टी के दूसरे नेता खास तौर पर पहुंचे। इस मौके पर बोलते हुए एमएलए दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने टीचरों को शिक्षा देने वाला दानी बताया और कहा कि टीचर हमारे देश के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि टीचरों के दिए ज्ञान की वजह से ही




स्टूडेंट्स डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, ऑफिसर और दूसरे अलग-अलग फील्ड में बड़े पद हासिल करके देश की सेवा में अपना योगदान देते हैं, साथ ही अपने देश और राज्य का नाम भी रोशन करते हैं। एमएलए ग्रेवाल ने कहा कि उन्होंने 2011 में टीचर्स को सम्मान देने का सिलसिला शुरू किया था, जो भगवान की कृपा से आज तक चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये सम्मान समारोह इसी तरह जारी रहेंगे। एमएलए ग्रेवाल ने कहा कि टीचर्स को सम्मान देने के अलावा, मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार उन्हें ट्रेनिंग के लिए लगातार सिंगापुर के विदेशी दौरों पर भेज रही है, ताकि हमारे टीचर्स विदेशों की तर्ज पर राज्य के स्कूलों में शिक्षा को आगे बढ़ा सकें।

इस मौके पर मौजूद मेयर प्रिंसिपल मैडम इंदरजीत कौर और एमएलए कुलवंत सिंह सिद्धू ने एमएलए ग्रेवाल और सभी स्कूलों के टीचर्स को टीचर्स डे की बधाई दी और कहा कि पिछले कई सालों से लगातार टीचर्स को सम्मान देने से जहां टीचर्स का हौसला बढ़ता है, वहीं यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

# एजीटीएफ ने दो बदमाशों का किया एनकाउंटर विदेश से मिले टारगेट को अंजाम देने आए थे

## ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान विरोधी गैंग के लोगों की हत्या की थी साजिश







- **25 से ज्यादा राउंड फायरिंग, तीन 9 एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद**

अशवनी पाहवा/ सौरव अरोड़ा/ सहजप्रीत सिंह
समर न्यूज | लुधियाना

महानगर में रविवार दोपहर उस समय गोलियों की गूंज से आत्मा पार्क इलाका दहल उठा, जब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस की संयुक्त टीम की दो कुख्यात शूटरों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार, दोनों शूटरों ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी और पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाया। जवाबी कार्रवाई में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से 25 से ज्यादा राउंड गोलियां चलीं। पुलिस ने घटनास्थल से तीन 9 एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किए हैं।

मृतकों की पहचान अमृतसर निवासी संदीप सिंह और करनजोत सिंह उर्फ नोना के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों विदेश में बैठे गैंगस्टर डोनी बल के संपर्क में थे और उसी के इशारे पर काम कर रहे थे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों को आत्मा पार्क के पास लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान विरोधी गैंग से जुड़े लोगों को निशाना बनाने का टास्क दिया गया था। पुलिस की समय रहते कार्रवाई से संभावित गैंगवार और बड़ी खूनी वारदात टल गई। स संबंध में थाना मॉडल टाउन, लुधियाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 109, 221, 132, 62 और 111 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### तीन बजे पुलिस ने घेरा, बदमाशों ने शुरू कर दी

पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब तीन बजे आत्मा पार्क के बाहर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों ने कथित तौर पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद एजीटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस की टीम ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। करीब 25 से अधिक राउंड फायरिंग के बाद दोनों शूटर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### कैंप से करीब 900 मीटर दूर हुई मुठभेड़

पुलिस जांच के मुताबिक, जिस स्थान पर मुठभेड़ हुई, वहां से रवि ख्वाजके की याद में लगाया गया ब्लड डोनेशन कैंप करीब 900 मीटर दूर था। पुलिस को आशंका है कि दोनों शूटर कैंप के आसपास विरोधी गैंग से जुड़े लोगों की रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही उन्हें निशाना बनाने की तैयारी में थे।

### एजीटीएफ को पहले से थी शूटरों की सूचना

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एजीटीएफ के पास दोनों शूटरों और उनकी गतिविधियों को लेकर पहले से इनपुट था। यह जानकारी कमिश्नरेट पुलिस के साथ साझा की गई थी। इसके बाद दोनों एजेंसियों ने संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाकर कार्रवाई की। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से गोलियों के खोखे और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं।

### डोनी बल ने उपलब्ध करवाए थे हथियार

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि दोनों शूटर विदेश में बैठे गैंगस्टर डोनी बल के निर्देश पर काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, संभावित टारगेट की जानकारी देने के साथ हथियार उपलब्ध करवाने में भी डोनी बल की भूमिका सामने आई है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हथियारों की सप्लाई लाइन की जांच कर रही है।

### तीन ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद


पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस को तीन 9 एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद हुए है। पुलिस के अनुसार, हथियारों की फॉरेंसिक और बैलिस्टिक जांच कराई जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका इस्तेमाल पहले किसी आपराधिक वारदात में हुआ है या नहीं।

### 2016 के रवि ख्वाजके हत्याकांड से जुड़े तार

पुलिस के अनुसार, पूरे मामले की कड़ियां गैंगों के बीच पुरानी दुश्मनी और वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ रही हैं। वर्ष 2016 में रविंदर सिंह उर्फ रवि ख्वाजके की गिल गार्डन में एक शादी समारोह के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अब करीब एक दशक पुराने इस गैंगवार विवाद को मौजूदा साजिश से जोड़कर जांच कर रही है। जांच अधिकारियों का फोकस यह पता लगाने पर है कि इस साजिश में डोनी बल के अलावा और कौन-कौन लोग शामिल थे और विरोधी गैंग के किन लोगों को निशाना बनाया जाना था।

# नानी की सूझबूझ से बची नौ साल की बच्ची, अपहरण की कोशिश नाकाम

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज



हैबोवाल इलाके में नौ साल की बच्ची को अगवा करने की कथित कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब उसकी नानी ने संदिग्ध युवकों को घर के बाहर देखकर हिम्मत दिखाई। शनिवार को दो युवक स्कूटी पर बच्ची के घर के पास पहुंचे थे। दोनों ने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर नानी ने दोनों को रोककर वहां आने का कारण पूछा। घबराए युवक वहां से निकलने लगे तो नानी ने स्कूटी के आगे खड़े होकर उसकी चाबी निकाल ली और शोर मचा दिया।

आवाज सुनकर बच्ची की मां अनुप्रिया भी घर से बाहर आ गई। इसके बाद आसपास के लोग जमा हो गए और दोनों युवकों को पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

नानी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से दोनों युवकों की गतिविधियां परिवार को परेशान कर रही थीं। आरोप है कि दोनों बच्ची और उसकी मां पर नजर रखते थे। बच्ची को स्कूल छोड़ने और वापस लाने के दौरान उनका पीछा करने के साथ तस्वीरें लेने की बात भी सामने आई है। 11 सितंबर को घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी दोनों युवक दिखाई दिए थे। इसके बाद परिवार पहले से सतर्क था।

पुलिस पूछताछ में युवकों की पहचान हरकृष्ण नगर, शिमलापुरी निवासी ओंकार सिंह और न्यू शिमलापुरी निवासी तेजपाल सिंह के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने बच्ची के पिता अमनदीप शर्मा और नाना हेमराज शर्मा के कहने पर उसे अगवा करने के लिए आने की बात कही है।

थाना हैबोवाल के एएसआई ओम प्रकाश ने बताया कि अनुप्रिया की शिकायत पर अमनदीप शर्मा, हेमराज शर्मा, ओंकार सिंह, तेजपाल सिंह, अवतार कौर और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 140(3), 3(5) और 62 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल एक्टिवा भी बरामद कर ली है।

## इच्छाओं के बंधन से मुक्त हुए बिना मुक्ति संभव नहीं : श्री शून्य प्रभु जी

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

इच्छाएं और आकांक्षाएं ऐसे बंधन हैं, जो मनुष्य को ईश्वर से दूर रखते हैं। यह विचार श्री शून्य प्रभु जी ने अपने प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अक्सर मनुष्य अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और सांसारिक मोह-माया को अपने ऊपर हावी कर लेता है। वास्तव में ये बंधन किसी दूसरे ने नहीं, बल्कि मनुष्य ने स्वयं पकड़ रखे हैं।

## पुरानी सब्जी मंडी में बेकाबू ट्रक का कहर, ई-रिक्शा समेत राहगीरों को मारी टक्कर

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

सलेम टाबरी की पुरानी सब्जी मंडी के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने जमकर कहर बरपाया। बेकाबू ट्रक ने सड़क पर चल रहे लोगों और एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में करीब पांच लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को भागने का मौका नहीं दिया और उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में पप्पू सिंह, नेहा, रमेश लाल और नर्स जसवीर कौर सहित अन्य लोग घायल हुए हैं। जसवीर कौर सुबह डीएमसी अस्पताल में ड्यूटी के लिए जा रही थीं। उनके भाई संदीप सिंह के अनुसार, ट्रक की चपेट में आने से वह सड़क पर गिर गईं और सिर में गंभीर चोट लगी। जसवीर गेलेवाल रोड की रहने वाली हैं।

## सुभाष नगर में घर पर धावा, तलवारें लेकर पहुंचे युवक

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

टिब्बा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में शनिवार रात एक परिवार उस समय दहशत में आ गया, जब हथियारों से लैस युवकों का समूह अचानक उनके घर के बाहर पहुंच गया। आरोप है कि युवकों ने पहले घर के गेट और खिड़कियों पर ईंट-पत्थर बरसाए और बाद में घर में घुसकर परिवार के सदस्यों से मारपीट की। हमले में महिलाओं और एक बच्ची के घायल होने की बात सामने आई है। पीड़ित परिवार के अनुसार 12 सितंबर की रात आरोपित घर तक पहुंच गए। कि हमलावर अपने साथ बोरियों में ईंटें भरकर लाए थे। घर के बाहर पहुंचते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद गंडासों और तलवारों से गेट पर वार किए तथा ईंटें मारकर खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

## हादसा: कंबाइन से टकराकर कैंटर रेलिंग तोड़ सर्विस लाइन पर पहुंचा

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

फिल्लौर बस स्टैंड के नजदीक जीटी रोड पर रविवार तड़के करीब पौने तीन बजे उस समय बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब वेरका मिल्क बार के सामने एक कंबाइन और अशोक लेलैंड कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ता हुआ सर्विस लाइन तक जा पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कंबाइन जीटी रोड पर एग्जिट प्वाइंट के नजदीक सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान अशोक लेलैंड कैंटर की कंबाइन से टक्कर हो गई। प्रत्यक्ष रूप से सामने आई जानकारी के अनुसार सड़क किनारे खड़ी कंबाइन हादसे का संभावित कारण हो सकती है, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

टक्कर के बाद कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कंबाइन को भी काफी नुकसान पहुंचा। टक्कर की जबरदस्त ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कैंटर सड़क किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस लाइन पर जा पहुंचा।

राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि हादसे में किसी व्यक्ति के घायल होने अथवा जानी नुकसान की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक हादसा 13 सितंबर की तड़के करीब 2:45 बजे हुआ। सूचना मिलते ही एसएसएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसएसएफ इंचार्ज सरबजीत सिंह की अगुवाई में टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और यातायात की सुरक्षा के लिए जरूरी प्रबंध किए।

# 1148 करोड़ रुपये के कचरा प्रोजेक्ट को फिर रफ्तार देने की तैयारी

- **1100 टन रोज निकलता है कचरा; 3677 रुपए प्रति टन के हिसाब से प्रोसेसिंग पर करीब 40 लाख रुपए रोज का खर्च, जोन-बी और सी में लागू होगी नई व्यवस्था**

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम के सबसे बड़े और लंबे समय से अटके कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट को दोबारा रफ्तार देने की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को होने वाली नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (एफएंडसीसी) की बैठक में करीब 187 विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव रखे जाएंगे। इनमें सबसे अहम प्रस्ताव करीब 1148 करोड़ रुपए के इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (आईएसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट का है। निगम इस प्रोजेक्ट को राज्य सरकार के रेट कॉन्ट्रैक्ट के तहत आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित एजेंसी के नियम और शर्तों को मंजूरी के लिए कमेटी के सामने रखेगा।

प्रस्ताव के मुताबिक शहर में नई कचरा प्रबंधन व्यवस्था की शुरुआत पहले जोन-बी और जोन-सी से की जाएगी। इसके बाद व्यवस्था की समीक्षा कर इसे शहर के बाकी हिस्सों में लागू करने की योजना है। नई व्यवस्था में घर-घर से कचरा उठाने से लेकर ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया को एकीकृत सिस्टम में लाने का लक्ष्य रखा गया है।

**▪ 1100 टन कचरा रोज, सिर्फ प्रोसेसिंग पर करीब 40 लाख रुपए**

लुधियाना में रोजाना करीब 1100 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। राज्य सरकार के रेट कॉन्ट्रैक्ट में 200 मीट्रिक टन से अधिक कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 3677 रुपए प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित है। इस हिसाब से 1100 टन कचरे की प्रोसेसिंग का खर्च करीब 40 लाख रुपए प्रतिदिन बैठता है। हालांकि निगम की ओर से वास्तविक भुगतान अंतिम नियम-शर्तों, रोजाना संभाले जाने वाले कचरे की मात्रा और कॉन्ट्रैक्ट में शामिल अन्य सेवाओं के आधार पर तय किया जाएगा।

**▪ मुंबई की एजेंसी एल-1, लेकिन काम सीधे नहीं मिलेगा**

राज्य सरकार ने मुंबई की क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड को रेट कॉन्ट्रैक्ट के तहत एल-1 एजेंसी मंजूर किया है। हालांकि राज्य स्तर पर एल-1 घोषित होने से लुधियाना में काम सीधे एजेंसी को आवंटित नहीं हो जाता। निगम को अपने स्तर पर प्रोजेक्ट का दायरा, नियम-शर्तें और जरूरी मंजूरियां पूरी करनी होंगी। एफएंडसीसी की बैठक में इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम फैसला हो सकता है।

**▪ 1400 करोड़ से ज्यादा का पुराना टेंडर नहीं चढ़ा था सिरे**

आईएसडब्ल्यूएम प्रोजेक्ट इससे पहले भी निगम के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। करीब 1400 करोड़ रुपए से अधिक अनुमान वाले पुराने प्रस्ताव को पर्याप्त प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी थी। उस समय घर-घर से कचरा उठाने, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और वैज्ञानिक निस्तारण की जिम्मेदारी पीपीपी मॉडल के तहत देने की योजना थी। अब निगम ने राज्य सरकार के रेट-कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम के जरिए इस बड़े प्रोजेक्ट को दोबारा आगे बढ़ाने की तैयारी की है।

**▪ सड़क, लाइट, ट्यूबवेल और पार्कों के काम भी एजेंडे में**

एफएंडसीसी की बैठक में आईएसडब्ल्यूएम के अलावा विभिन्न वार्डों में सड़कों के निर्माण और री-कारपेटिंग, सड़क मरम्मत, एलईडी व हाईमास्ट लाइट, ट्यूबवेल, पार्कों के सुधार और अन्य सिविक कार्यों से जुड़े प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। कुछ इलाकों में निगम में ट्रांसफर से पहले जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने और मौजूदा सुविधाओं को अपग्रेड करने से संबंधित प्रस्ताव भी शामिल हैं।

**▪ पहले दो जोन में टेस्ट, फिर पूरे शहर में विस्तार**

निगम की योजना के मुताबिक नई कचरा व्यवस्था का पहला चरण जोन-बी और जोन-सी में शुरू किया जाएगा। यहां घरों से कचरा उठाने, वाहनों की आवाजाही, ट्रांसपोर्टेशन और प्रोसेसिंग की पूरी व्यवस्था को लागू कर उसकी कमियों का आकलन किया जाएगा। इसके बाद अनुभव के आधार पर इसे पूरे शहर में विस्तार देने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। लुधियाना जैसे बड़े शहर में रोजाना एक हजार टन से अधिक कचरा निकलने के कारण आईएसडब्ल्यूएम प्रोजेक्ट को निगम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि 1148 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट को एफएंडसीसी की मंजूरी के बाद जमीन पर उतारने की प्रक्रिया कितनी तेजी से आगे बढ़ती है।

## नारी शक्ति' के तहत लुधियाना में स्टिचिंग एवं लर्निंग सेंटर शुरू




दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

वर्धमान स्पेशल स्टील्स लिमिटेड (वीएसएसएल) ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर)पहल 'नारी शक्ति' के तहत लुधियाना में स्टिचिंग एवं लर्निंग सेंटर की स्थापना की है। यह केंद्र एनजीओ बंदू हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सिलाई एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अवसर उपलब्ध करवाना है।

केंद्र का उद्घाघाटन नगर निगम के जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों ने किया। इस अवसर पर पंजाब स्टेट रूरल लाइवलीहुड कमिशन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने वीएसएसएल द्वारा समाज के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। उन्होंने वीएसएसएल के चेयरमैन सचित जैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सौम्या जैन द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। वीएसएसएल की ओर से कहा गया कि कंपनी समाज के कल्याण और जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।'नारी शक्ति' पहल के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## 800 से अधिक परिवारों को दिखाई 'हनुमान अंश' फिल्म

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज



साउथ विधानसभा क्षेत्र के 800 से अधिक निवासी रविवार को परिवारों सहित निर्मल पैलेस में एक विशेष आयोजन के तहत 'हनुमान अंश' फिल्म देखने पहुंचे। पंजाब स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स की वाइस चेयरपर्सन रुचि बावा की पहल पर फिल्म की तीन विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गईं। खास बात यह रही कि रुचि कौर बावा ने लोगों के साथ बैठकर स्वयं भी फिल्म देखी। कार्यक्रम की शुरुआत 21 पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण से हुई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ और भक्तिमय भजनों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर रुचि बावा ने कहा कि यह आयोजन केवल फिल्म देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी को एक परिवार की तरह एक साथ बैठकर सकारात्मक संदेश से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि भक्ति को अपने हृदय में, सेवा को अपने कार्यों में और प्रेम को अपने व्यवहार में स्थान दें।

## अनुशासन और सेवा भावना से सफल होगा श्री गणेश महोत्सव: रविनंदन शर्मा

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज



श्री सिद्धि विनायक मंदिर, चूहड़पुर रोड, न्यू माया नगर, हैबोवाल कलां मंदिर ट्रस्ट की ओर से आयोजित किए जा रहे 23वें वार्षिक श्री गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राजिंद्रा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैदान, दुर्गापुरी, हैबोवाल कलां में 14 से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाले दस दिवसीय महोत्सव को लेकर मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में मंदिर के सेवादारों एवं ट्रस्टी सदस्यों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करने के साथ-साथ सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए सेवादारों एवं विभिन्न इंचार्जों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी सेवादारों से अपील की गई कि वे दस दिवसीय महोत्सव के दौरान पूरी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर कहा गया कि महोत्सव में भगवान श्री गणेश के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

**आस्था**

### जनकपुरी के 'पंजाब का राजा' गणपति महोत्सव पर विशेष आकर्षण, शहरभर में सजेंगे पंडाल

# आज से लुधियाना में गूंजेंगे 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज





गणेश चतुर्थी के साथ ही सोमवार, 14 सितंबर से लुधियाना में गणपति महोत्सव की शुरुआत होगी। शहर के अलग-अलग इलाकों में गणपति प्रतिमाओं की स्थापना के साथ पंडाल सजाए जा रहे हैं। गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को है और अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को होगी।

**▪ जनकपुरी का 'पंजाब का राजा' रहेगा आकर्षण का केंद्र**

शहर के प्रमुख गणपति आयोजनों में जनकपुरी में पंजाब का राजा गणपति सेवा संघ की ओर से आयोजित होने वाला महोत्सव विशेष आकर्षण रहेगा। इस बार आयोजन को 35वें राज्य स्तरीय गणपति महोत्सव के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पंडाल में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा के साथ श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**▪ 15, 17 और 19 सितंबर को विशेष भजन संध्या**

आयोजन 'पंजाब का राजा' गणपति महोत्सव में शाम 8 बजे से विशेष कार्यक्रम होंगे।

15 सितंबर भजन गायक अमित धरमकोटी जी की भजन संध्या। 17 सितंबर सिंगर लोविश लव जी की प्रस्तुति। 19 सितंबर भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

**▪ शहर के कई हिस्सों में गणपति की स्थापना**

गणेश महोत्सव को लेकर लुधियाना में तैयारियां तेज हैं। विभिन्न गणपति मंडलों और समितियों की ओर से पंडाल तैयार किए जा रहे हैं तथा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। राजा का दरबार 200 फूटी रोड , हैबोवाल, ऋषि नगर, नीम वाला चौक, प्रीत नगर सहित कई इलाकों में भी गणपति उत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। अलग-अलग समितियों की ओर से पूजा, आरती, भजन संध्या, प्रसाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाएंगे।

**▪ पंडालों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़**

14 सितंबर को गणपति स्थापना के साथ शहर में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे गूंजेंगे। अगले करीब 10 दिनों तक विभिन्न पंडालों में सुबह-शाम पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम चलेंगे।

**▪ 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी**

गणेशोत्सव का मुख्य 10 दिवसीय चरण 14 से 25 सितंबर तक रहेगा और अनंत चतुर्दशी के दिन 25 सितंबर को गणपति विसर्जन किया जाएगा।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155